रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

सेंसेक्स 81,711.76 +13.65

डॉलर 83.920 +0.065

रांची सर्राफा

10 ग्राम 72,080 | 01 किलो 93,000



भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 28 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 206, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-08 टेस्ट टीम में वापसी करना चाहते हैं...



### राज्य सरकार से झारखंड हाईकोर्ट ने पूछा

# शैक्षणिक संस्थानों और मंदिरों के निकट से शराब दुकानें कब होंगी बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम पर मंगलवार को कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पुलिस की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इसमें भविष्य में राजधानी रांची में मंदिरों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट खुदरा शराब दुकानों एवं बार-रेस्टोरेंट को लाइसेंस नहीं देने की बात कही गई है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि मंदिरों एवं शिक्षण संस्थानों के निकट संचालित बार-रेस्टोरेंट और खुदरा शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द करने लिए क्या किया जाएगा?

राज्य सरकार बताए कि मंदिर एवं शिक्षण संस्थान के निकट जो बार एवं रेस्टोरेंट और खुदरा शराब दुकान खुले हैं उन्हें कब बंद किया जाएगा? कोर्ट ने कहा कि पुलिस की एसओपी केवल आईवाश वाली नहीं होनी चाहिए। देर रात तक बार-रेस्टोरेंट के खुले रहने से पिछले दिनों भी एक अपराधिक घटना घटी थी। बार-रेस्टोरेंट में मारपीट एवं हत्या की घटनाएं होती रही हैं। कानून व्यवस्था पुलिस के जिम्मे में है। ऐसे में सख्त कदम उठाकर बार-रेस्टोरेंट को निर्धारित समय में बंद कराकर वहां हिंसा की घटनाओं को रोका जा सकता है।

मामले में एमिकस क्यूरी ने पुलिस के एसओपी पर प्रति उत्तर के लिए समय देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की है। इससे पहले पुलिस की ओर से बार एवं रेस्टोरेंट के साथ मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम को लेकर एसओपी प्रस्तुत किया गया था। उल्लेखनीय है कि खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है।



## झालसा के भवन निर्माण में देर क्यों?

झारखंड हाईकोर्ट की सुरक्षा से संबंधित कई जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) की हाई कोर्ट के निकट बनने वाले भवन के निर्माण में देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि वर्ष 2018 में इस भवन के निर्माण के लिए 48 करोड़ रुपये की टेक्निकल स्वीकृति दी गई थी, जो वर्ष 2024 में 57 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह झालसा के नए भवन को बनाने के लिए मे देरी क्यों कर रही है जबकि इसके लिए जमीन भी सरकार की ओर आवंटित कर दी गई है और जमीन की घेराबंदी भी हो चुकी है। निर्माण में देरी करने से लागत राशि में बढ़ोतरी होती है। कोर्ट ने कहा कि झालसा के नए भवन बनने में छह वर्षों की देरी हो चुकी है, जो पैसे खर्च होंगे जनता की कमाई के पैसे हैं। साथ ही कहा कि यदि राज्य सरकार की ओर से कारण स्पष्ट नहीं किया गया तो मुख्य सचिव को भी कोर्ट में बुलाया जा सकता है। झालसा के पुराने भवन में मेडिएशन सेंटर, ऑडिटोरियम जैसे कई आधारभूत संरचना की कमी है। राज्य के सिविल कोर्ट सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना के संबंध में खंडपीठ ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने काउंसिल से पूछा है कि जिलों के बार भवन मे सुरक्षा की क्या-क्या कमी है और कहां-कहां भवन बनाने की जरूरत है, इन सारे विषयों पर जवाब दाखिल करें। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी आवंटित फंड के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### डीजीपी ने महिलाओं की सुरक्षा पर समीक्षा बैठक की, कहा

# संस्थान के प्रबंधन से संपर्क कर सीसीटीवी लगवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, कॉलेज की छात्राओं एवं स्कूली बच्चियों की सुरक्षा की समीक्षा करते हुये कई दिशा-निर्देश दिये। डीजीपी ने सभी एसपी को उनके क्षेत्राधीन मेडिकल कॉलेज, सभी अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेज, कॉलेज की छात्राओं एवं स्कूल की बच्चियों की सुरक्षा के लिये संस्थान के सभी महिलाओं को पुलिस नियंत्रण कक्ष, महिला थाना प्रभारी, निकटस्थ थाना प्रभारी का मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराने सहित डायल-112 के बारे में जागरूक करने, महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने, सभी संस्थान में 24 घंटे सातों दिन सुरक्षा व्यवस्था तथा उनके कार्य स्थल पर संध्या 7:00 बजे से प्रातः 4:00 बजे तक विशेष सुरक्षा प्रबंध करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने संस्थान के प्रबंधन से संपर्क कर सीसीटीवी लगाने को कहा। उन्होंने विशेषकर वैसे जगह जहां महिलाओं की उपस्थिति होती हो वहां पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एसपी को संबंधित जिला के थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर जिलों में लगने वाले मेलों, हाट बाजार में जाकर वहां के दुकानदारों, बाजार की अन्य महिलाओं की समस्या के बारे में जानकारी लेकर उनके समस्याओं का सामाधान करने तथा बाजार में अवैध उगाही करने वालों के खिलाफ सत्यापन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

डीजीपी ने सभी जिलों में कार्यरत महिला थानों की समीक्षा कर महिला थाना में महिला थाना प्रभारी एवं अन्य महिलाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, थाना को संचालित करने के लिए पर्याप्त स्थान, महिला थाना प्रभारी का जिला के अन्य थानों में हो रहे महिला संबंधी अपराधों में उपयोग, महिला थाना में भुक्तभोगी महिलाओं के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का व्यवहार की समीक्षा करते हुये आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में एडीजी अभियान संजय आनन्द राव लाठकर, आईजी मनोज कौशिक और आईजी अखिलेश झा सहित सभी जिलों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



### स्कूली व यात्री बसों के चालकों को ब्रेथ एनलाइजर से चेक करने का निर्देश

डीजीपी ने राज्य के सभी स्कूल बसों के चालक और राज्य से बाहर जाने वाले सभी यात्री बसों के चालकों का ब्रेथ एनलाईजर से चेक करने का निर्देश दिया। महिला सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने विशेष रूप से राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूर्व से लगे सीसीटीवी का निरीक्षण कर उसकी स्थिति और खराब कैमरों की मरम्मत एवं नये कैमरे लगाने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन योजना लागू करे केंद्र : सीटू

**रांची।** सेंटर आफ इंडियन ट्रेड युनियंस (सीटू) ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के जरिये अनुमोदित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को सरकारी कर्मचारियों के उचित अधिकारों के खिलाफ एक और धोखाधड़ी के रूप में निरूपित किया है। ये बाते मंगलवार को जिला सचिव प्रतिक मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि सीटू पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली की मांग करता है। प्रतीक ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना, जो 1972 के केंद्रीय सिविल सेवा नियमों के तहत थी, गैर-योगदान आधारित और सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती थी। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से एक जनवरी, 2004 से भर्ती होने वालों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) शुरू की।

### हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को रिम्स लाइब्रेरी में सुशील कुमार दास की हत्या कर लाश को तीसरे तल्ले से गिराकर दुर्घटना का रूप देने के मामले में दोषी अमजद खान एवं आवेश अंसारी उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने दोनों पर 20-20 हजार का जुमार्ना लगाया है। दोनों हजारीबाग निवासी है। इस हत्याकांड का अंजाम छह अप्रैल 2019 को दिया गया था। इस संबंध में सूचक के अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक के पिता कोलेश्वर रविदास ने बरियातू थाना में घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# झारखंड में वोटरों की संख्या बढ़ी आयोग ने जारी की नई वोटर लिस्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में वोटरों की संख्या 2 करोड़, 57 लाख, 78 हजार, 149 हो गई है। चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण कराने के बाद मंगलवार को नई मतदाता सूची जारी की गई है। नए वोटर लिस्ट में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या 1 करोड़, 27 लाख, 12 हजार, 266 हो गई है। इसके अलावे राज्य में थर्ड जेंडर की संख्या 434 है।



**नई वोटर लिस्ट जारी :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने नई वोटर लिस्ट जारी करते हुए कहा कि 1 जनवरी 2024 को प्रकाशित वोटर लिस्ट से 1.54% की वृद्धि हुई है, जबकि 25 जुलाई को जारी प्रारूप से 0.49% की कमी है। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के दौरान 3,89,595 वोटर जिसमें 1,82,655 मृत पाए गए हैं, 1,31,786 शिफ्टिंग और 75,154 एक से अधिक स्थानों पर वोटर होने की वजह से हटाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार 1 अक्टूबर को अहर्ता मानकर 18 वर्ष के होने वाले युवाओं के 55,189 आवेदन प्राप्त हुए हैं। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 को राज्य में 2 करोड़ 53 लाख 86 हजार 152 वोटर राज्य में थे।

### राज्य में 41 मतदान केंद्र बढ़े

पुनरीक्षण के बाद राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या 29562 हो गई है। कुछ जिलों में मतदान केंद्र में बदलाव भी हुआ है, वहीं कुछ स्थानों पर नए सिरे से मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस तरह से राज्य में 41 मतदान केंद्र पिछले मतदान केंद्र की संख्या से अधिक है। नए वोटर लिस्ट में 18 से 19 आयु वर्ग में पुरुष मतदाताओं की संख्या 4 लाख, 80 हजार, 760। वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 5 लाख, 93 हजार, 959 है और थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या 13 है। इस प्रकार 18 से 19 आयु वर्ग में मतदाताओं की कुल संख्या 10 लाख, 74 हजार, 732 है।

# छह जिलों के डीसी ने हाईकोर्ट को किया गुमराह : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर मंगलवार को पोस्ट कर कहा कि संताल परगना के छह जिलों के उपायुक्तों ने हाई कोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। मरांडी ने लिखा कि झारखंड में आदिवासियों की घटती आबादी एक कड़वी सच्चाई है। हालिया कुछ सालों के दौरान बांग्लादेशी मुसलमानों के अप्रत्याशित घुसपैठ के कारण आदिवासी समाज की आबादी में निरंतर गिरावट आयी है, जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए हाईकोर्ट ने संथाल परगना के उपायुक्तों से जवाब मांगा था लेकिन हेमंत सोरेन के इशारे पर संताल परगना के छह जिलों के उपायुक्तों ने आदिवासियों की घटती आबादी की हकीकत को छुपाकर हाईकोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। आखिर हेमंत सोरेन इस सच्चाई को आदिवासी समाज से छुपाकर उन्हें अंधेरे में क्यों रखना चाहते हैं? क्या हेमंत सोरेन का शासन-प्रशासन भी आदिवासियों को मिटा देना चाहता है?

## न्यूज | बॉक्स

### पीएम मोदी से मिले बाबूलाल



**रांची।** झारखंड के भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच झारखंड के वर्तमान हालातों पर चर्चा हुई।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिलना पूर्व निर्धारित था : बाबूलाल

**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों या चैनलों में चल रहे समाचार निराधार हैं कि वे चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से नाराज हैं। चंपई जी वरिष्ठ नेता हैं उनका भाजपा में स्वागत है।

### पूरा जेएमएम टूटने के कगार पर : सीता सोरेन



**रांची।** एक समाचार एजेंसी से बातचीत में जेएमएम से भाजपा में शामिल हुई सोरेन परिवार की बड़ी बहू ने कहा कि चंपाई सोरेन के अलावा अन्य भी कई लोग पार्टी छोड़ने वाले हैं और झामुमो कई टुकड़ों में बंट जाएगा।

### चंपाई सोरेन का भाजपा में आना एक शुभ संकेत : अर्जुन मुंडा



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिवासियों के बीच में सिर्फ वोट की राजनीति करना स्वीकार्य नहीं है। सत्ता लोलुपता के लिए एक आदिवासी को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाया गया है। मुंडा ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नीति और सिद्धांत के साथ पूरे देश में आदिवासियों को संगठित करने की दृष्टि से एक बड़े कदम के तहत चंपाई सोरेन का भाजपा में आना एक शुभ संकेत है।

### पदयात्रा को मिल रहा आम जनता का भरपूर साथ : डॉ देवशरण



**रांची।** सरकार की वादाखिलाफी को लेकर आजसू पार्टी की जन जागरण पदयात्रा की शुरूआत हुई। पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जन जागरण यात्रा के विभिन्न विधानसभा के प्रभारियों और पार्टी पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र के कई पंचायतों में पदयात्रा की और जन सभाओं के माध्यम से सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराया। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने जन जागरण पदयात्रा के बारे में बताया कि पदयात्रा को आम जनता का भरपूर साथ और सहयोग मिल रहा है। जनता के साथ से हम बदलाव की पटकथा लिखेंगे। जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से सरकार के झूठे वादों की सच्चाई को जनता के समक्ष रखा जाएगा। जनता सरकार के वादों और कार्यों के बीच जो गहरी खाई है उसकी समीक्षा करेगी। कहा, सरकार ने अपने लोकलुभावन वादों से समाज के हर वर्ग को ठगने का काम किया है। 5 साल पहले सत्ताधारी पार्टियों ने जनता के सामने अपने मेनिफेस्टो के जरिए सैकड़ों वादे किए थे लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ।

### बेरोजगारों से बायोडाटा फॉर्म भराने का आजसू ने चलाया अभियान



**रांची।** आगामी नवनिर्माण संकल्प सभा के लिए राज्य पुस्तकालय में बेरोजगार युवाओं का बायोडाटा फॉर्म भराने का आजसू ने मंगलवार को अभियान चलाया। इसके जरिये राज्य सरकार का बेरोजगारी की ओर ध्यान दिलाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि बायोडाटा संग्रह अभियान कॉलेज, विश्वविद्यालय, लॉज, हॉस्टल, लाइब्रेरी आदि जगह चलेगा। अभियान में चेतन प्रकाश, अजीत कुमार, प्रियांशु सिन्हा, जमाल गद्दी, सौरभ शर्मा, सिंटू कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य 5 वर्षों को बर्बाद किया : चंद्र प्रकाश

*सांसद ने जन जागरण रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को जनजागरण रथ को हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी स्क्रीन से युक्त वैन अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले जनजागरण पदयात्रा में लोगों को वीडियो के माध्यम से सरकार के वादों और हकीकत से रूबरू कराएंगे। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य पांच वर्षों को बर्बाद किया है। विकास की राह पर अग्रसर झारखंड को इन्होंने अपनी गलत कार्यशैली से पीछे धकेल दिया है। झूठे वादे कर सत्ता में बैठे लोगों से हम पूछना चाहते हैं कि उनके द्वारा किए गए कितने वादे पूरे हुए। पांच साल तक की जाती रही जनता के साथ धोखाधडी का यह मूल्यांकन का समय है।




जनजागरण पद यात्रा के माध्यम से हम राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सरकार की नाकामियों के बारे में लोगों को बताएंगे। इस मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, रांची जिला परिषद अध्यक्ष सह केंद्रीय महासचिव निर्मला भगत, जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, बनमाली मंडल, हरीश सिंह, परवाज खान, डॉ. पार्थ पारितोष, सुनील यादव, दया शंकर झा, अब्दुल जब्बार अंसारी, अमित कुमार, अभिषेक शुक्ला, प्रियांशु शर्मा, रोहित चौधरी समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# चंपाई सोरेन अपने फैसले पर पुनर्विचार करें : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद मंगलवार को झामुमो ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने चंपाई सोरेन के इस कदम को आत्मघाती बताया है। कहा है कि अब तक चंपाई सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा नहीं दिया है। हम चाहते हैं कि भाजपा में शामिल होने से पहले चंपाई सोरेन अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। उनके भाजपा में शामिल होने के फैसले से झामुमो कार्यकर्ताओं में नराजगी है। विनोद पांडेय ने बताया कि जमशेदपुर में एक निजी कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने भी चंपाई सोरेन से बात करनी चाही थी। लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।



पांडेय ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि संगठन व्यक्ति विशेष से नहीं चलता। अगर चंपाई सोरेन को किसी भी बात को लेकर नराजगी थी, तो उन्हें बात करनी चाहिए थी। पार्टी में चर्चा करनी चाहिए थी। चंपाई सोरेन को झामुमो ने इतना सम्मान दिया, उन्हें कम से कम इसका सम्मान रखना चाहिए था। पार्टी के सभी बड़े कार्यकर्ताओं ने प्रयास किया कि वह पार्टी न छोड़े। बताते चलें कि चंपाई सोरेन ने सोमवार की देर रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इसके बाद असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल से जानकारी दी कि चंपाई सोरेन 30 अगस्त को रांची में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। वहीं चंपाई सोरेन ने भी मंगलवार को नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में खुलासा कर दिया कि वे बीजेपी में शामिल होंगे।

# आशा लकड़ा ने आदिवासी जमीन मामलों की सुनवाई की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में रांची जिले से संबंधित आदिवासी जमीन समेत अन्य मामलों की सुनवाई की। टाटीसिलवे (बड़ाम) निवासी सावना टोप्पो ने बताया कि कृष्णा टोप्पो नामक व्यक्ति ने फर्जी वंशावली बनाकर उनकी जमान (खाता नंबर-293 की बिक्री कर दी है। हरमू स्थित टुंगरी टोली निवासी संदीप उरांव ने बताया कि उनकी जमीन बकास्त भुईंहरि है। एक एकड़ 14 डिसमिल जमीन पर गलत तरीके से कब्जा कर साल 2020 में हरमू अस्पताल का निर्माण कराया गया है। कांके निवासी अतीत कुमार लोहरा ने बताया कि पांच जुलाई को कांके थाना में पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट की थी। थाना में उप मुखिया के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा था तो मैनेकहा कि बदतमीजी क्यों कर रहे हैं। इसी बात पर थाना प्रभारी की ओर से चार जुलाई के एक मामले में मुझे थाना लाया गया। मामला कांके स्थित केसर अस्पताल का था। प्रत्यक्षदर्शी जिला विधिक सेवा प्राधिकार में पीएलवी के रूप में कार्यरत राजेंद्र महतो ने बताया कि बातचीत के दौरान राजीव थाना में थे। उन्होंने तीन-चार पुलिसकर्मियों को बुलाया और थाना के अंदर अतीत कुमार लोहरा को घसीट कर ले गए और मुझे ढकेल कर बाहर कर दिया। यह सच है कि थाना के अंदर मौजूद पुलिसकर्मियों (राजीव कुमार, संजय नायक व बीरेंद्र मेहता) ने अतीत कुमार लोहरा के साथ मारपीट की थी।



# कांग्रेस की नीति व गौरवशाली इतिहास से युवाओं को अवगत कराना होगा : केशव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत चतरा और लातेहार जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को संवाद किया। इसके पूर्व इटखोरी भद्रकाली मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की। चतरा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा छोड़ सुभाष दास ने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जो भी उम्मीदवार होगा वह कांग्रेस का होगा। किसी व्यक्ति विशेष का नहीं होगा। इसलिए कोई गलतफहमी कार्यकर्ताओं के मन में नहीं रहना चाहिए। कांग्रेस की नीति, कार्यक्रम, त्याग, बलिदान और गौरवशाली इतिहास से युवाओं को अवगत कराना होगा। कमलेश ने कहा कि हमारी महागठबंधन की सरकार जनता की सरकार है। भाजपा की तरह अडानी और अंबानी जैसे पूंजीपतियों की सरकार नहीं है। झारखंड में किसानों का दो लाख का ऋण माफ किया गया जबकि केंद्र की भाजपा सरकार बड़े पूंजीपतियों का औद्योगिक ऋण माफ कर रही है, उन्हें किसानों से कोई मतलब नहीं। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, ओल्ड पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले योजना सहित कई ऐसी योजनाएं धरातल पर चल रही हैं, जिससे भाजपा नेताओं की रातों की नींद उड़ी हुई है और वह हर दिन नए चुनावी मुद्दे तलाश रहे हैं।



*हमारी महागठबंधन की सरकार जनता की सरकार है*

कमलेश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में परिवार की प्रत्येक महिला को मिलने वाली मईंया सम्मान योजना से भाजपा के पैरों के नीचे की बची हुई जमीन भी खिसक चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले चुनाव में महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए कार्य आपके लिए ब्रह्मास्त्र है, जिसे हमें अपने विरोधियों पर चलाना है।

कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पांच वर्षों तक सरकार में रहकर हमने जनता के लिए काम किया है। हमने वादों के अनुसार समाज के हर वर्ग के लिए आर्थिक और सामाजिक विस्तार के रास्ते को एक नई दिशा दी है। किसानों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों के लिए नीतियों का निर्माण किया और योजनाओं को पंचायत स्तर तक पहुंच कर उन्हें उनका हक दिया।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,711.76 +13.65
डॉलर 83.920 +0.065
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,080
01 किलो 93,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 28 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 206, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-08 टेस्ट टीम में वापसी करना चाहते हैं...




# नकली डीएवी की शिकायत नहीं पहुंच रही दिल्ली तक

**राजधानी में नकली डीएवी का गोरखधंधा**



## जानिए क्या कहता है प्रतीक और नाम अधिनियम, 1950

तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में किसी बात के होते हुए भी, कोई भी व्यक्ति, ऐसे मामलों में और ऐसी शर्तों के अधीन, जो केंद्रीय सरकार द्वारा विहित की जाएं, किसी व्यापार, कारोबार, व्यवसाय या पेशे के प्रयोजन के लिए या किसी पेटेंट के शीर्षक में या किसी ट्रेडमार्क या डिजाइन में, अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी नाम या प्रतीक या उसकी किसी रंग-बिरंगी नकल का केन्द्रीय सरकार या सरकार के ऐसे अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना, जिसे केंद्रीय सरकार इस निमित्त प्राधिकृत करे, उपयोग नहीं करेगा या उपयोग करना जारी नहीं रखेगा।

**रजनीश**

**रांची।** शहर में नकली डीएवी बिना किसी डर के चलाए जा रहे हैं। जो स्कूल डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से संबद्धता नहीं रखते हैं, वे नकली डीएवी स्कूल भी धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं । आश्चर्यजनक यह है कि राज्य सरकार ने उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है और सीबीएसई दिल्ली ने मान्यता भी मिली हुई है। मिलते-जुलते नाम से अभिभावक ठगे जाते हैं , जबकि ये सीबीएसई के स्थापित मापदंड पूरा नहीं करते और नियमों के अनुसार स्कूल के नाम सही और स्पष्ट होने चाहिए। डीएवी नाम और सीबीएसई से मान्यता लेने वाले कई स्कूलों के पास या तो खेल के मैदान नहीं हैं, या मापदंड के अनुसार नहीं हैं। जबकि, सीबीएसई के नियमों के अनुसार खेल का मैदान होना अनिवार्य है। इसके अलावे कई ऐसी मापदंड हैं, जो नकली डीएवी वाले स्कूल पूरा नहीं कर रहे हैं, फिर भी राजधानी रांची में चल रहे हैं। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी और आर्य ज्ञान प्रचार समिति से इन्हें कोई लेना-देना भी नहीं है। हालांकि, नकली डीएवी के संचालकों का कहना है कि दोनों आर्य समाज से संबंध रखते हैं। वैसे कई स्कूल डीएवी का नाम ले कर धोखा दे रहे हैं, जिनका आर्य समाज से कोई संबंध नहीं है। कथित डीएवी स्कूल के बोर्ड में ये कहीं लिखा हुआ है नहीं है कि वे डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से नहीं है।

डीएवी समूह में बड़े पद पर रहे एक अधिकारी ने नाम ना छापने के शर्त पर बताया कि नकली डीएवी स्कूल के बारे में डीएवी मैनेजिंग कमेटी, दिल्ली को पता नहीं है। या, किसी ने इसकी सूचना डीएवी समूह या सीबीएसई को नहीं दी है। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी को इसके बारे में पता चलता है, तो इस पर कार्रवाई करती ही। जबकि, डीएवी समूह से वर्षों पहले अवकाश प्राप्त बड़े अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कुछ पत्राचार किया था पर सीबीएसई के कुछ भ्रष्ट लोगों ने कार्रवाई नहीं की और स्कूल संचालक ने अपनी पहुंच या पैरवी के बल पर रजिस्ट्रेशन करा लिया। इस धोखाधड़ी से सबसे ज्यादा कोई परेशान है, वे हैं बच्चों के अभिभावक, जिन्हें भान तक नहीं कि उनके बच्चे असली नहीं नकली डीएवी में पढ़ रहे हैं।

डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से विश्व स्तर पर संचालित 900 से अधिक स्कूलों और 75 कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा के लिए एक विश्वविद्यालय भी है। सीबीएसई की मान्यता के लिए स्कूल का नाम सही लिखा होना चाहिए। स्कूल की चारदीवारी होनी चाहिए। पार्किंग एरिया भी होना चाहिए। खेल का मैदान, आउटडोर और इनडोर गेम की सुविधाएं होना अनिवार्य है। लाइब्रेरी और लैब होना चाहिए। दिव्यांग छात्रों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। पीने के पानी, अग्निशमन यंत्र, समेत अन्य मापदंडों का पालन करना अनिवार्य है।

# झारखंड में फेल हो गई है कानून व्यवस्था : हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**




▸ केवल नेता-मंत्री को मिलता है स्पेशल ट्रीटमेंट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सुनवाई की। साथ ही, इसे हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के पास विस्तृत सुनवाई के लिए भेज दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा, प्रतीत होता है कि साजिश के तहत उन्हें रोका गया। कोर्ट ने कहा कि कांके रोड में कोई धरना-प्रदर्शन नहीं था। इसके बावजूद भी वहां 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसी घटना कानून व्यवस्था का फेलियर है। यह गंभीर मामला है। हाई कोर्ट के सिटिंग जज सुरक्षित नहीं है। लगता है सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था राजनीतिज्ञ एवं मंत्रियों के लिए है। जब एक हाई कोर्ट का सिटिंग जज ने सुरक्षित नहीं है, तो दूसरे अन्य कोर्ट का भी जज सुरक्षित नहीं है। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रांची डीसी, डीजीपी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी सशरीर उपस्थित हुए।

शेष पेज 9 पर

## झारखंड के कई जिलों में भूकंप के झटके

**रांची।** राज्य के कई जिलों में सोमवार देर रात 12:39 बजे भूंकप के झटके महसूस किए गए। ये झटके संताल परगना वाले इलाकों पाकुड़, दुमका, देवघर, साहिबगंज के कई इलाकों में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता की गति 3.9 मापी गई है, जिसका केंद्र पाकुड़ बताया जा रहा है। हालांकि, इन झटकों से किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।

## उपेंद्र और मनन रास के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**पटना।** बिहार की खाली पड़ी दो राज्यसभा सीटों पर राजग उम्मीदवार उपेंद्र मिश्र और मनन मिश्र निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र प्राप्त करने के उपरांत रालोजपा के उपेंद्र कुशवाहा एवं भाजपा के मनन मिश्र ने नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

**आज कल**




### पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने की पुष्टि

# बेटे के साथ 30 अगस्त को भाजपा में होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



▸ आज आएंगे झारखंड, केंद्र सरकार ने दी जेड प्लस सुरक्षा

**रांची/नई दिल्ली।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहे राजनीतिक ऊहापोह का मंगलवार को पटाक्षेप हो गया। चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा का दामन थामेंगे। दिल्ली में मंगलवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने इसकी पुष्टि की। चंपाई सोरेन ने कहा कि इससे पहले 18 तारीख को जब यहां आए थे, तो उन्होंने अपना विचार दे दिया था। पहले मैंने संन्यास लेने की सोची थी, लेकिन बाद में जनता और कार्यकर्ताओं का हौसला और उनकी मांग को देखते हुए सोचा कि सक्रिय रूप से राजनीति में ही रहूंगा। फिर सोचा कि नया संगठन बनाएंगे, लेकिन समय की कमी और झारखंड प्रदेश की अलग परिस्थिति को देखते हुए मंथन करने के बाद भारतीय जनता पार्टी में जाने का निर्णय ले लिया। मेरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया है। भाजपा में मेरे साथ मेरा बेटा बाबूलाल सोरेन भी शामिल होगा। शेष पेज 9 पर

### बाबूलाल मरांडी ने चंपाई सोरेन का भाजपा में किया स्वागत

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पार्टी में स्वागत किया है। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद



बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यों और भाजपा की नीतियों में निष्ठा व्यक्त करने वाले झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। मरांडी ने एक्स पर लिखा है कि झामुमो में परिवारवाद, तानाशाही, बाहरी लोगों का पूर्णतः नियंत्रण होने के कारण झामुमो को खड़ा करने वाले आंदोलनकारी नेताओं का मोहभंग हो चुका है। झारखंड आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रमुख नेताओं को पार्टी के अंदर उपेक्षित और अपमानित किया जा रहा है। जल-जंगल-जमीन के मूल सिद्धांतों से विमुख हो चुकी झामुमो अब एक डूबता जहाज है। पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र खत्म होने के कारण शीघ्र ही एक-एक कर सारे आंदोलनकारी झामुमो छोड़ जाएंगे।

### जामा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत सम्मान राशि वितरित

# जो आधी आबादी को सशक्त करेगा वही राज्य आगे बढ़ेगा : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में जो उत्साह एवं खुशी देखने को मिल रही है, वह अदभुत है। आपका ये उत्साह हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है। आपकी उम्मीदों और भरोसे से हम हर चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुमका जिले के जामा प्रखंड स्थित पांजनपहाड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को जो मजबूत और सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा। राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है।

शेष पेज 9 पर



बोले सीएम, हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है

## जिन्होंने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा, उनके दरवाजे पहुंच रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से चार वर्ष पहले कई ऐसे गांव थे, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा था। डीसी-एसपी ऑफिस के बारे में जिन्हें कोई जानकारी तक नहीं थी, उनके दरवाजे पर आज पूरी सरकार पहुंच रही है। जिन गांवों में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जहां आवागमन की कोई सुविधा नहीं है, वहां आज बीडीओ-सीओ, डीसी-एसपी से लेकर विभागों के सचिव पहुंच कर आपकी समस्याओं को न सिर्फ सुन रहे हैं, बल्कि उसका समाधान कर रहे हैं। साथ ही, जिन समस्याओं का निदान तत्काल संभव नहीं है, उसकी जानकारी सरकार तक पहुंचा रहे हैं, ताकि उस दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके। सरकार की योजनाओं से कोई वंचित नहीं रहे, इसी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं।

### गांवों की मजबूती से विकास का रास्ता तय होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य मजबूत नहीं बन सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर की बजाय गांव-देहात से चल रही है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव टोले-टोले में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी जोड़ने का काम किया गया। यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है।

### वैकल्पिक कृषि के लिए सरकार कर रही पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। विशेषकर आज मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमें किसानों को पारंपरिक खेती के अलावा वैकल्पिक कृषि के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

**इंडिया**

# प्रकृति का दोहन हमें चेतावनी दे रही है संभलने की



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

पूरी दुनिया में हर कोई रोटी कपड़ा और मकान के बाद सुख सुविधाओं की ओर भागता है और इस दौड़ में सबसे कम चिंता पर्यावरण की रह जाती है जबकि सारी सुविधाओं के बिना तो हम रह सकते हैं पर जीवन के लिए आवश्यक प्राण वायु और स्वच्छ वातावरण न हो जीवन संकट में आ जाए । भारत जैसे विकासशील देश में भी विकसित देशों जैसी समस्या बहुत जल्द आने वाली है जिसकी आहट मिल रही है समय की मांग है इसपर चिंता और चिंतन की । धरती की जीवनदायिनी क्षमताओं के अधिक संकटग्रस्त होने के बीच हाल ही में वैज्ञानिकों ने नई चेतावनी जारी की है। इसे डूमस्डे क्लाक चेतावनी कहा जा रहा है। विश्व में 'डूमस्डे क्लॉक' अपनी तरह की एक प्रतीकात्मक घड़ी है, जिसकी सुइयों की स्थिति के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया जाता है कि विश्व किसी बहुत बड़े



संकट की आशंका के कितने नजदीक है। इस घड़ी का संचालन 'बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट्स' नामक वैज्ञानिक संस्थान द्वारा किया जाता है। इसके परामर्शदाताओं में 15 नोबेल पुरस्कार विजेता भी हैं। ये सभी मिलकर प्रति वर्ष तय करते हैं कि इस वर्ष घड़ी की सुइयों को कहां रखा जाए। इस घड़ी में रात के 12 बजे को धरती पर बहुत बड़े संकट का पर्याय माना गया है। घडी की सुइयां रात के 12 बजे के जितने नजदीक रखी जाएगी, उतने ही बड़े संकट से धरती (व उसके लोगों व जीवों) के संकट की स्थिति मानी जाएगी। 2024 में इन सुइयों को (रात के) 12 बजने में 90 सेकंड पर रखा गया है। संकट के प्रतीक 12 बजे के समय से इन सुइयों की इतनी नजदीकी 2023-24 के अतिरिक्त कभी नहीं रही। दूसरे शब्दों में, यह घड़ी दर्शा रही है कि इस समय धरती किसी बहुत बड़े संकट के सबसे करीब है।

'डूमस्डे घड़ी' के वार्षिक प्रतिवेदन में इस स्थिति के तीन कारण बताए गए हैं। पहली वजह यह है कि जलवायु बदलाव का संकट बढ़ रहा है। जलवायु बदलाव नियंत्रित करने की संभावनाएं समग्र रूप से धूमिल हुई हैं। दूसरी वजह यह है कि परमाणु हथियार नियंत्रित करने के समझौते कमजोर हुए हैं, जिससे परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा है। तीसरी वजह यह है कि ए.आई. (आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस) व जेनेटिक इंजीनियरिंग का बहुत दुरुपयोग हो रहा है, जिसका सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन तीन कारणों के मिले-जुले असर से आज विश्व बहुत बड़े संकट की आशंका की दहलीज पर पहुंच चुका है। और इस संकट को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या 'डूमस्डे घड़ी' के इस अति महत्वपूर्ण संदेश को विश्व नेतृत्व समय रहते समझेगा? हाल के वर्षों में यह निरंतर स्पष्ट होता रहा है कि अब तो धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जिन कारणों से हजारों वर्षों तक धरती पर विविधतापूर्ण जीवन पनप सका, वे आधार ही संकटग्रस्त हो चुके हैं।

इन अति गंभीर समस्याओं के समाधान को सर्वाधिक महत्व पूरे विश्व में मिले, इसे ध्यान में रखते हुए 'धरती रक्षा अभियान' (सेव द अर्थ कैंपेन) आरंभ किया गया है। इस अभियान का व्यापक उद्देश्य धरती की जीवनदायिनी क्षमता की रक्षा करना है। इसके दो विशिष्ट उद्देश्य हैं—पहला, धरती से सभी परमाणु हथियार व महाविनाशक हथियार समाप्त हों व दूसरे, धरती पर तापमान वृद्धि को तय मानक तक सीमित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस अभियान का प्रथम प्रयास यह है कि मौजूदा दशक (2020-30) को वैश्विक स्तर पर 'धरती रक्षा दशक' के रूप में घोषित किया जाए। एक बड़ा सवाल हमारे सामने है कि आखिर इन गंभीर संकटों को समय रहते कैसे कम किया जाए। समय सीमा का सवाल इस कारण भी बहुत बड़ा है, क्योंकि जलवायु बदलाव के साथ टिपिंग पॉइंट भी जुड़े हैं। एक बार यह सीमा पार हो गई, तो फिर स्थितियां नियंत्रण से बाहर निकल सकती हैं। विश्व के शीर्ष विशेषज्ञ बता रहे हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए हमारे पास बस एक दशक बचा है। एक बड़ी जरूरत इस बात की है कि धरती के जीवन पर मंडरा रहे अभूतपूर्व संकट की समझ अधिक लोगों तक पहुंचे। यह समझ सही परिप्रेक्ष्य में अधिक लोगों तक पहुंचेगी, तभी लोग अधिक संख्या में आगे आएंगे। इस समय इन मुद्दों की गंभीरता की जानकारी रखने वाले लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इन मुद्दों को न्याय व लोकतंत्र के मुद्दों से जोड़कर व्यापक समझ बनानेवाले लोगों की संख्या तो और भी कम है। ऐसी समझ बनाकर हमें धरती की रक्षा की वह राह निकालनी है, जो समता व सादगी, न्याय व लोकतंत्र की राह है। इस समय संकट और समाधान की सही समझ को अधिक लोगों तक पहुंचाना और उन्हें समाधान के प्रयासों से जोड़ना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# पीएलएफआई सुप्रीमो को एटीएस कोर्ट ने दी दो साल की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो दिनेश गोप को दोषी करार करते हुए दो साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मौत का भय दिखाकर लेवी वसूलने से जुड़े मामले में एटीएस कोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद यह फैसला सुनाया है। साथ ही, अदालत ने उस पर बीस हजार का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दिनेश गोप को अतिरिक्त छह माह की सजा काटनी होगी।

शेष पेज 9 पर

# बसिया-सिसई सड़क निर्माण के लिए बने कैंप पर उग्रवादी हमला

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के बसिया में उग्रवादियों ने मंगलवार के तड़के चार बजे बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाए गए कैंप पर हमला किया। कई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और कैंप में सो रहे कर्मचारियों को भी मारा-पीटा। बताया जाता रहा कि अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आए थे। लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे।

शेष पेज 9 पर

**24** घंटे में 540 किलो ग्राम एलम और 84 किलो ग्राम क्लोरीन का हो रहा प्रयोग

**50** से 60 के बीच है कांके डैम के पानी की टर्बिडीटी केमिस्ट संदीप ने बताया

# क्या कांके डैम से हो रही है स्वच्छ जलापूर्ति?




**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रांची शहर की लगभग 30 से 35 प्रतिशत आबादी कांके डैम का पानी पीती है। लोगों को शुद्ध पानी मिले इसके लिए सरकार करोड़ों रूपए खर्च करती है। बावजूद इसके लगातार शिकायतें आ रही है कि पानी से दुर्गंध आ रही है। पानी पीने योग्य नहीं है। इसकी पड़ताल के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने कांके वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के केमिस्ट संदीप कुमार से बात की। उन्होंने बताया कि अभी डैम के पानी की टर्बिडीटी 50 से 60 के बीच है। लैब में पानी की जांच के बाद वर्तमान में 24 घंटे में 540 किलो ग्राम एलम और 84 किलो ग्राम क्लोरीन का प्रयोग पानी साफ करने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। वहीं बता दें कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, पीने योग्य पानी की टर्बिडीटी एक से पांच के बीच होनी चाहिए। कांके वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से सप्लाई की जाने वाली पानी की टर्बिडीटी वर्तमान में दो से तीन के बीच है। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गोन्दा, रांची के सब डिवीजनल अफसर शुभम उपाध्याय ने बताया कि रॉ वाटर बहुत गंदा है। हमारे पास ज्यादा कंपोनेंटस लगे हैं। ट्यूब सेटलर और प्लेटसेटलर हैं। सभी सही ढंग से काम करती है। इसलिए सप्लाई वाटर बिलकुल स्वच्छ और पीने लायक है। अधिकारी चाहे अपनी पीठ कितना भी थपथपा लें। जबतक आम लोगों को पीने के पानी की संतुष्टि नहीं मिलती। सारे दावे खोखले साबित होंगे। जब पेयजल स्वच्छता विभाग के दावे के अनुसार पानी इतना शुद्ध है तो राजधानी रांची में पेयजल उद्योग कैसे फल फूल रहा है और गली गली में पानी के जार का व्यवसाय क्यों पनपता जा रहा है या बोरिंग कराने की मजबूरी क्यों है? इसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है।

# रूट बांटने के विरोध में ऑटो व ई रिक्शा ड्राइवर हड़ताल पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में नए रूट निर्धारण के विरोध में ऑटो चालकों का मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गया है। ऑटो और ई-रिक्शा रांची की लाइफ लाइन कही जाती है, लेकिन अनिश्चितकाल तक इन वाहनों के चक्के थम गए हैं। विभिन्न मांगों को लेकर शहर के अलग-अलग इलाकों में लगातार प्रदर्शन हो रहा है। ऑटो के साथ ई-रिक्शा चालक भी अपने वाहन के साथ सड़क पर तो हैं, लेकिन परिचालन ठप किया हुआ है। मंगलवार को रांची में सुबह से ही सीएनजी ऑटो चालकों ने हड़ताल कर चक्का जाम किया। जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन सब के बीच खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में बच्चे को जन्म देने के बाद उसे गोद में लेकर मां बाप सड़कों पर पैदल चल रहे हैं, क्योंकि उन्हें कोई भी ऑटो या साधन नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ कॉलेज जाने वाले बच्चे भी परेशान हैं। वो कॉलेज जाने के लिए दूसरे तरीके खोज रहे हैं।

इन सबके बावजूद भी प्रशासन शांत है, लेकिन ई-रिक्शा और ऑटो चालक अपनी मांगों को लेकर प्रशासन से लगातार गुहार लगा रहे हैं।




**इन लोगों की मांग है 3 किलोमीटर परमिट का परमिशन रद्द करें और 16 से 20 किलोमीटर परमीट का अनुमति प्रदान करें, जगह-जगह अवैध वसूली होती है, इसका प्रशासन ध्यान दें। जिन लोगों को परमिट नहीं दिया गया है, उसे अविलंब परमिट देने की पहल करें। दरअसल प्रशासन द्वारा नया कानून लाया गया, जिसमें रांची को 4 जोन में बांट दिया गया है और यहां 113 रूट निर्धारित किए गए है। जिसके कारण ऑटो चालकों के लिए रूट बहुत छोटा हो गया है। जिसका विरोध ई-रिक्शा और ऑटो चालक लगातार कर रहे हैं। ऑटो चालक यूनियन का कहना है कि नए रूट निर्धारण से उनके लिए परेशानी बढ़ेगी और उनकी आमदनी भी कम होगी। पेट के इस संघर्ष के लिए ई-रिक्शा और ऑटो चालक आज हड़ताल पर है। वहीं, दूसरी तरफ सिटी बस का प्रवेश पहले से ही शहर में वर्जित कर दिया गया है। जिसका विरोध बस चालक भी कर रहे हैं।**

## 10 आइपीएस अफसर बदले

# कुमार गौरव लातेहार विमल गिरीडीह एसपी बने

रांची। झारखंड सरकार ने आईपीएस का ट्रासफर किया है. लातेहार एसपी के पद पर पदस्थापित आईपीएस अंजनी अनजान को एसीबी के एसपी बनाया गया है.निधि द्विवेदी को जामताड़ा को जामताड़ा का एसपी बनाया गया है. साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित कुमार गौरव को लातेहार का एसपी बनाया गया है. होमगार्ड एसपी के पद पर पदस्थापित अमित कुमार सिंह को साहिबगंज का एसपी बनाया गया है.


कुमार गौरव


डॉ विमल कुमार

## जानें कौन कहां गए

- डॉक्टर विमल कुमार को गिरिडीह का एसपी बनाया गया है.
- अमिनेश नैथानी को गोड्डा का एसपी बनाया गया है.
- आईपीएस अंजनी कुमार झा को उपनिदेशक, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के पद पदस्थापित किया गया है.
- आईपीएस दीपक कुमार शर्मा को पुलिस अधीक्षक एस सी आर बी, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है.
- आईपीएस नाथू सिंह मीणा को एसआईबी, स्पेशल ब्रांच रांची के एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है.
- आईपीएस मनीष टोप्पो को स्पेशल ब्रांच, रांची का एसपी

# रांची की सड़कों को दुरुस्त करे नगर निगम : सुनील कुमार

**रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रांची नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राजधानी की सड़कों की हालत सुधारें। जल्द से जल्द मरम्मत करने की दिशा में काम शुरू कर दें। इसके साथ सुनिश्चित करें कि सड़कों पर जल जमाव न हो। सचिव ने यह भी कहा कि मास्टर प्लान 2015 के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र और आईटी पार्क विकसित करने का प्रयास हो। वह मंगलवार को राज्य सचिवालय प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में रांची निगम क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।**

## समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश



- शहर की सड़कों में दिख रहे गड्ढों का तुरंत मरम्मत हो।
- स्ट्रीट लाइट हर क्षेत्र में जले, यह सुनिश्चित हो। यदि खराब है तो तुरंत बदलें और जहां लाइट नहीं है, वहां लाइट लगाएं।
- इंटरसिटी बसों के लिए शहर में भी बस टर्मिनल होना चाहिए। यदि है तो वहां नागरिक सुविधाएं बेहतर किया जाए। यह निर्देश रातू रोड स्थित-इटकी बस टर्मिनल और धुर्वा बस टर्मिनल के लिए है।
- शहर में मास्टर प्लान 2015 के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र और आईटी पार्क विकसित किए जाएं।
- सड़कों के किनारे फुटपाथ का प्रावधान जरूर रखें और निर्माण कराएं ताकि पैदल चलनेवाले लोग सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।
- स्वच्छता को लेकर आरएफआईडी का उपयोग करें ताकि यह पता लग सके कि हर घर या हर सोसायटी से प्रतिदिन कूड़ा कचरा का उठाव हो रहा है कि नहीं।
- रांची शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रही परियोजनाओं को जल्द पूरा करें।
- शहर के महत्वपूर्ण इलाकों में जगह चिह्नित कर बड़े शहरों की तरह रात्रि बाजार को प्रोत्साहित करें।
- सिवरेज व ड्रेनेज निर्माण के नाम पर जहां तहां सड़क न काटें।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने जरूरतमंदों को दी खाद्य सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय,रांची ने सीएसआर पहल के तहत नामकुम स्थित महादेव टोली गांव में मंगलवार को 40 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री, किराने का सामान वितरित किया। यह पहल स्वयंसिद्ध महिला क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन के मार्गदर्शन में और रॉबिन हुड आर्मी (स्वयं सेवी संस्था) के सहयोग से की गई।

रेखा जैन ने स्वयंसिद्ध महिला क्लब की सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने किराने की सामग्री उपलब्ध कराने की पहल में पूरे दिल से योगदान दिया है और उन्हें जरूरतमंदों के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, विशेष रूप से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए। जैन ने रॉबिनहुड आर्मी के सदस्यों से भी बातचीत की और उन्हें इस पहल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और समाज की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर कल्याण प्रभारी एवं उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी, सांस्कृतिक प्रभारी एवं उपाध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, सांस्कृतिक सचिव अनिता प्रसाद और कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी माझी भी उपस्थित थीं।

## सीएमपीडीआई को मिला रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली प्रमाण पत्र

**रांची।** सीएमपीडीआई (मुख्यालय) को संस्थान में संभावित रिश्वतखोरी के जोखिमों को खत्म करने के लिए अपनाए गए एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) की ऑडिट के बाद भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा आईएसओ 37001:2016 एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम के लाइसेंस का दोबारा पुनः प्रमाणन किया गया। यह प्रमाण-पत्र संस्थान की सभी संबद्ध प्रयोगशालाओं सहित कर्मियों और अन्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं के लिए प्रशिक्षण, आंतरिक सहायता सेवाएं, खनिज गवेषण, माइन प्लानिंग एंड डिजाइन, पर्यावरण प्रबंधन, प्रबंधन प्रणाली, सम्बद्ध इंजीनियरिंग, मानव प्रावधान की गतिविधियों के लिए ब्राइबरी की रोकथाम, इसके पता लगाने और प्रतिक्रिया के संबंध में दिया गया है।

## डोरंडा कॉलेज में महिला समानता और सुरक्षा पर मंथन

**रांची।** डोरंडा कॉलेज की आईक्यूएसी और महिला प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को विश्व महिला समानता दिवस पर संगोष्ठी हुई। इसमें महिला समानता और महिला सुरक्षा पर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा बोले, प्राचीन भारत के युग में महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त थे। सिंधु घाटी सभ्यता का नेतृत्व महिलाओं ने किया था। लेकिन आजादी के 250 साल बाद भी अमेरिका में कोई महिला नेता नहीं है, जबकि भारत को आजादी के 60 वर्ष बाद पहली महिला राष्ट्रपति मिलीं। उन्होंने नजरिये में बदलाव के महत्व पर चर्चा की और अधिक केंद्रित और लक्ष्यवान समाज की आवश्यकता का उल्लेख किया। मौके पर शिल्पी सिंह, रजनी टोप्पो, मंजू मिंज, डॉ मंजू लाल और डॉ निमिषा, भी मौजूद थीं।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विभागीय योजनाओं को किया संपादित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- **केन्द्रांश रू. 1236.525 लाख, राज्यांश रू. 824.350 लाख इस प्रकार कुल रू. 2060.875 लाख (बीस करोड़ साठ लाख सतासी हजार पांच सौ रुपए) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी।**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विभागीय योजनाओं से संबंधित कार्य संपादित किया। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय प्रायोजित खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन) अन्तर्गत चावल परती क्षेत्र (टीआरएफए)-दलहन को लक्षित करने की योजना के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रांश रू0 1236.525 लाख, राज्यांश रू0 824.350 लाख इस प्रकार कुल रू0 2060.875 लाख (बीस करोड़ साठ लाख सतासी हजार पाँच सौ रुपए) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी।

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को कृषि यंत्रों का वितरण योजना से केन्द्रीय प्रायोजित आरकेवीआई योजना अन्तर्गत कृषि यंत्रीकरण पर उप मिशन योजना के कार्यान्वयन हेतु अतिरिक्त राज्य सहायता अनुदान राज्य टॉपअप राशि रू० 700.00 लाख (सात करोड़ रू०) मात्र की व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी।

वहीं राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में गन्ना विकास की योजना के कार्यान्वयन हेतु कुल राशि रू0 500.00 लाख (रुपए पाँच करोड़) मात्र की व्यय की स्वीकृति प्रदानी की गयी।

झारखण्ड गव्य तकनीकी संवर्ग (तृतीय संशोधन) नियमावली 2024 के अधिसूचना प्रारूप/प्रस्ताव एवं संलेख प्रारूप पर विभागीय मंत्री ने अनुमोदन किया रबी विपणन सीजन (आरएमएस) के तहत रबी फसलों के लिए सीएसीपी रिपोर्ट और सिफारिश पर टिप्पणियां 2025-26 पर माननीय विभागीय मंत्री ने सहमति प्रदान की।

# नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन बनाने का निकालें वैकल्पिक मार्ग : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने झारखंड भवन निर्माण कारपोरेशन के एमडी को एक वैकल्पिक रास्ता निकालने को कहा है, ताकि नेशनल ला यूनिवर्सिटी का अतिरिक्त भवन बनाने के लिए डीपीआर बिना बाधा के तैयार किया जा सके। अदालत ने मौखिक कहा कि महिलाओं के प्रति आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के निकट पुलिस आउटपोस्ट का निर्माण कहां तक पहुंचा। अदालत ने जानकारी राज्य सरकार से मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त निर्धारित की गई है। इस दौरान झारखंड राज्य भवन निर्माण कारपोरेशन के एमडी उपस्थित हुए। उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि कारपोरेशन के पास वित्त विभाग का एक पत्र है, जिसके तहत वह किसी भी भवन का डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट की कुल लागत का 10 फीसदी राशि चार्ज लेता है।

## जमीन फर्जीवाड़े के आरोपी बिपिन सिंह की याचिका पर सुनवाई 10 को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाईं अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े मामले में जेल में बंद जमीन कारोबारी बिपिन कुमार सिंह की जमानत याचिका पर 10 सितंबर को सुनवाई होगी। मंगलवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी, लेकिन समय ले लिया गया। आरोपी ने गिरफ्तारी के 128 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाते हुए 22 अगस्त को याचिका दाखिल की है। ईडी ने जमीन घोटाले को लेकर बीते 16 अप्रैल को की गई छापेमारी के बाद बिपिन सिंह को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में है।

## करम पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय

रांची। करम पूजा महोत्सव को लेकर मंगलवार को केंद्रीय सरना समिति की बैठक आरआईटी भवन में फूलचंद तिर्की की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय हुआ कि करम पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाई जाएगी। 14 सितंबर को उपवास व रात्रि आठ बजे से पूजा पाहन पुजार के माध्यम से होगी। 15 को परना और 16 को करम डाल का विसर्जन होगा। मौके पर प्रमोद एक्का, संजय तिर्की, सत्यनारायण लकड़ा, बाना मुंडा, माधो उरांव आदि थे।

# न्यूज बॉक्स

## चोरी का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रांची।** रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के खुशी टेलीकॉम में हुई चोरी मामले में पुलिस ने एक आरोपित राहुल पंडित को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला है। इसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया।जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपित को जब गिरफ्तार किया तब उसके पास पहले से एक ब्लेड था। उससे उसने अपना हाथ काट लिया। आनन-फानन में एक जवान ने देखा तो उसे ब्लैड छिनने का प्रयास किया, इस दौरान जवान का भी हाथ काट गया। दोनों जख्मी हो गये। दोनों का सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। दोनों खतरे से बाहर है। उल्लेखनीय है कि गत 12 मई को खुशी टेलीकॉम का गैस कटर से शटर काटकर नकदी सहित लगभग 30 लाख की मोबाईल चोरी कर ली गयी थी।

## रांची में एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद



**रांची।** राजधानी की चान्हों थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बोलेरो पिकअप वाहन से इंपीरियल गोल्ड कम्पनी का 2080 बोतल अंगेजी शराब बरामद किया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच-75 मुख्य मार्ग में पादुक पुल के समीप एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बोलेरो पिकअप वाहन (जेएच01 बीई 5815) को रोका गया, जिसपर उक्त वाहन के चालक और एक अन्य व्यक्ति उक्त वाहन से उतरकर भागने लगे। उन्हें पकड़ने का फाफी प्रयास किया गया लेकिन दोनों व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। एंटी क्राइम चेकिंग में चान्हो थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार, संजय कुमार सिंह सहित सशरत्र बल शामिल थे।

## डीएसपीएमयू में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग



**रांची।** डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्स से मंगलवार को मिलकर आजसू प्रतिनिधिमंडल ने मैनेजमेंट विभाग में शिक्षक नियुक्ति के लिए साक्षात्कार शुरू करने की मांग की। ऋत्विक राज ने कहा, यह प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं हुई तो विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। हालांकि कुलपति ने एक हफ्ते में प्रक्रिया पूरी करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में सूर्य प्रकाश, रिशु, सुमित आदि शामिल थे।

## रांची में दीवार तोड़ने के विवाद में अधिवक्ता से मारपीट


**रांची।** राजधानी के अरगोडा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग कॉलोनी निवासी और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गौरेश चंद्र झा से सोमवार को मारपीट की गई। उन्होंने मारपीट करने वालों के खिलाफ मंगलवार को अरगोड़ा थाने में प्राथमिक दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। इस घटना से रांची सिविल कोर्ट के वकीलों में भी आक्रोश है। झा का मोहल्ले के पड़ोसी से दीवार तोड़ने को लेकर हुए विवाद हो गया। झा के दीवार तोड़ने का विरोध करने पर उनके पड़ोसी ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में झा गंभीर रूप से घायल हो गये। गौरेश चंद्र झा को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छोड़ दिया गया है। इस बाबत इंस्पेक्टर आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। दीवार तोड़ने के विवाद को लेकर मारपीट हुई है।

## पंडरा में जमीन कब्जा करने के लिए फायरिंग की शिकायत



**रांची।** पंडरा ओपी में ग्रामीणों ने मंगलवार को संयुक्त रूप से आवेदन देकर रांची के आईटीआई रोड स्थित बजरा जतरा मैदान पर कब्जा करने की नीयत से जमीन कारोबारियों पर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार को 50 से अधिक की संख्या में जमीन कारोबारियों के पक्ष में कुछ महिलाएं और असामाजिक तत्व बाजरा स्थित जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंचे थे। जब ग्रामीणों ने जमीन कारोबरियों का विरोध किया तब उन पर फायरिंग की गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने जमीन कारोबारियों के पक्ष में आए लोगों को खदेड़ा और जमकर पीटा भी। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जमीन कारोबारियों के पक्ष में आए लोग मौके से फरार हो गए। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने जमीन कारोबारियों के जरिये की गई फायरिंग का वीडियो भी जारी किया है। वीडियो में भगदड़ की जैसी स्थिति दिख रही है lw

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में करियर गाइडेंस फेयर का आयोजन



**रांची।** डीपीएस के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की जानकारियों से अवगत कराने और उन्हें भविष्य के विभिन्न कैरियर विकल्पों को समझने में मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं एडुकेटर्स इंडिया द्वारा कैरियर गाइडेंस फेयर का आयोजन किया गया। इसमें देश भर के प्रमुख यूनिवर्सिटीके कैरियर कॉउंसलर एक मंच पर आए। मंगलवार को आयोजित यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता साबित हुआ, क्योंकि इसने छात्रों को कई शैक्षिक अवसरों का पता लगाने और प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची द्वारा आयोजित कैरियर गाइडेंस फेयर में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह फेयर विद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर, डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ आरके झा ने कहा, छात्रों के लिए अपने करियर के संदर्भ में सही विकल्प चुनना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और इस तरह के फेयर और कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों को सही कैरियर चुनने में मार्गदर्शन देता है। इस तरह के आयोजन छात्रों को सूचित निर्णय लेने में योगदान देते हैं और उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल में यूनिवर्सिटी फेयर ने निस्संदेह भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, अवसर और आकांक्षा के प्रतीक के रूप में कार्य किया।

## एक नजर

### चान्हो में अवैध शराब लोड पिकअप वैन जब्त

**चान्हो।** सोमवार को थाना क्षेत्र के पटुक पुल के समीप अवैध शराब लोड पिकअप वैन जब्त किया गया। एनएच-75 मुख्य मार्ग में पाटुक पुल के पास एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बोलेरो पिकअप को रोका गया।पिकअप वाहन की जांच करने पर उसमें 205 पेटी अवैध शराब बरामद किया गया। जिसपर वाहन के चालक और एक अन्य व्यक्ति वाहन से उतरकर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। यह जानकारी मंगलवार को रांची पुलिस ने दिया।

### डॉ परमेश्वर भगत ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का किया वितरण

**चान्हो।** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने मंगलवार को चान्हो प्रखंड के चामा पंचायत में खेल प्रेमियों को फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में समझाया और उनकी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। डॉ. भगत ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक विकास में भी सहायक होता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, टीमवर्क और संघर्ष की भावना को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. भगत की यह पहल स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित हो रही है।

### वन रोपण प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने दी सहमति

**रांची।** खनन कार्य के लिए सीसीएल एवं बीसीसीएल को आवंटित की गई जमीन जिसमें खनन कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उस भूमि को राज्य सरकार वापस लेते हुए क्षतिपूरक वन रोपण कराए जाने संबंधित प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपनी सहमति दी है।
पूर्व में सीसीएल एवं बीसीसीएल को खनन कार्य करने के लिए आवंटित की गई भूमि के बदले में क्षतिपूरक वनरोपण के लिए अन्य जमीन की प्रतिपूर्ति की जाती थी।

### सेवा भारती साधारण सभा की बैठक संपन्न

**रांची।** सेवा भारती झारखंड की साधारण सभा की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा की अध्यक्षता में बिरसा चौक स्थित सेवा निकेतन में हुई। मंगलवार को बैठक की भूमिका रखते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि संस्थाओं को सक्रिय और स्थायित्व के लिए समय-समय पर बैठकें, कार्यक्रम, मिलना-जुलना भी महत्वपूर्ण कार्य है। हमारे सेवा कार्य परिणाम कारी होने चाहिए। समाज की युवा शक्ति, सज्जन शक्ति को जोड़ कर गांव की समस्याओं का हल करना है। सेवा कार्य करने की सार्थकता है।

# बड़ा तालाब के पास सड़क पर होता है जल जमाव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के बड़ा तालाब की सड़क पर हल्की बारिश में भी जल जमाव होता है। इस स्थान पर पुरानी रांची, गाड़ी खाना, सेवा सदन की नालियों का बहाव है। जमाव का जल स्तर कभी इतना उंचा हो जाता है कि दुकानों में पानी घुस जाता है। विष्णु आर्थो सेंटर के दीपक कुमार ने बताया कि दुकान की सीढियों को उंचा किए हैं कि पानी दुकान में न घुसे। लेकिन चारों तरफ से नालियों का गंदा पानी दुकान में घुस ही जाता है। हलांकि नगर निगम ने पानी खींचने की मशीनें लगाई है। लेकिन वह मशीन काम नहीं करता है। गंदे पानी की महक से सभी पेरशान हैं। राहगीरों का कभी कहना है कि जब भी हमलोग इधर से गुजरते हैं तालाब का गंदा पानी से आना जाना मुश्किल हो जाता है। नाली का बहाव भी इस कद्र होता है कि पैदल चलना कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।



## मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

मांडर। शिव दुर्गा मंदिर मांडर समिति की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। आयोजन समिति के संरक्षक पिंटू तिवारी ने बताया कि इसमें आठ टीम इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली मलती की टीम रही। दूसरा स्थान मंदरो का रहा। टीम को आयोजन समिति की ओर से ट्राफी और नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

# तरंगा पंचायत भवन में 49 दिवसीय जूट हस्तकला प्रशिक्षण का शुभारंभ

**चान्हो।** प्रखण्ड के तरंगा पंचायत में मंगलवार को जुट हस्तकला के प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी और प्रखण्ड प्रमुख होलिका देवी ने संयुक्त रूप से किया। जन सहभागी विकास केंद्र द्वारा संचालित प्रशिक्षण 49 दिनों तक चलेगा। इसमें 26 लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर बोलते हुए जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए जुट को अपनाना है।



रोजगार के नये अवसर प्राप्त करना है। संस्था से सचिव प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा की जूट, जिसे 'सुनहरा रेशा' भी कहा जाता है, हमारे देश की प्राचीन धरोहर है। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि इससे बने हस्तशिल्प हमारे समाज के आर्थिक, सामाजिक, और पर्यावरणीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### प्रधान आयकर आयुक्त रिश्वत मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आयकर दाताओं से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में धनबाद व पटना के प्रधान आयकर आयुक्त सहित पांच को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी।
सीबीआई ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें धनबाद व पटना के प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार और निजी व्यक्तियों में गुरपाल सिंह, राजीव कुमार उर्फ चीकू, डाक्टर प्रणय कुमार और अशोक कुमार चौरसिया शामिल हैं।
सीबीआई ने कहा है कि सभी आरोपितों को 28 अगस्त (बुधवार) को पटना सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई के मुताबिक आरोपित धनबाद व पटना प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार पर आरोप है कि उसने अपने पद का दुरुपयोग कर अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न करदाताओं से 10 लाख रुपये की रिश्वत ली। इस काम में धनबाद व पटना प्रधान आयकर आयुक्त के अलावा कई और लोग शामिल थे।
शिकायत के बाद सीबीआई ने आरोपितों के पटना, धनबाद और उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्थित 21 स्थानों की तलाशी ली। इसमें आपत्तिजनक दस्तावेज व आर्टिकल बरामद किए।

### रांची में लकी लक्ष्मी महोत्सव का होगा शुभारंभ




**रांची।** ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने अपने पुनर्निर्मित प्रारूप में लकी लक्ष्मी महोत्सव का शुभारंभ करने की घोषणा कर दी है, जिसका थीम है 'गेट ब्लेस्ड, बी लकी'। रांची के प्रमुख स्थानों पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव एक नया और समृद्ध अनुभव देने का वादा करता है, जिसमें पिछले वर्षों की मूल्यवान प्रतिक्रिया को समाहित किया गया है। यह आयोजन आभूषण विक्रेताओं को उपभोक्ताओं के साथ सीधे संवाद करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है, जिसमें आधुनिक और पारंपरिक तत्वों का समन्वय करते हुए नए डिजाइन और उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रदर्शन किया जाएगा।

### राज्यसभा में राजग को बहुमत, 112 सीटें मिली

**दिल्ली।** राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। एनडीए को 11 पर जीत मिली है। इनमें भाजपा 9, अजीत पवार गुट और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट मिली हैं। वहीं, कांग्रेस का एक उम्मीदवार जीता है।राज्यसभा में 245 सीटें हैं, हालांकि वर्तमान में आठ सीटें, इनमें चार जम्मू-कश्मीर से और चार मनोनीत की सीटें खाली हैं। सदन की मौजूदा सदस्य संख्या 237 के साथ बहुमत का आंकड़ा 119 है। आज की 11 सीटों की जीत के साथ एनडीए 112 सीटों तक पहुंच गया है। एनडीए को छह नामांकित और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है।

### जिप सदस्य ने फुटबॉल और जर्सी का किया वितरण



**चान्हो ।** प्रखंड अन्तर्गत तरंगा पंचायत के एमडी टीम तरंगा के फुटबॉल खिलाड़ियों को आजसू केन्द्रीय सचिव सह जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने मंगलवार को जर्सी एवं फुटबॉल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी उचित संसाधनों के अभाव के बावजूद फुटबॉल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर सकील मियां, सैफुल्लाह आलम, जसीम मियां, राजिक आलम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राधा रमण महोत्सव में हुए शामिल



**सिल्ली।** मंगलवार को भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम में आयोजित राधा रमण महोत्सव में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, प्रकाश मुंडा, पिनाकी बनर्जी, प्रसाद बड़ाईक, सोनु कुमार,युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रोहित मुंडा, इत्यादि कांग्रेस नेतागण शामिल हुए। सभी कांग्रेस जनो ने वहां पूजा अर्चना की एवं महाप्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात महोत्सव में आयोजित सभी कार्यक्रमों का आनंद उठाया।

### रिटायर्ड कर्मियों व अधिकारियों को बहाल करेगा कोल इंडिया

**रांची।** कोयला मंत्रालय बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। कोल इंडिया में जमीन, विधि व्यवस्था समेत अन्य मामलों को लेकर कार्य करने में आ रही समस्या को दूर करने में यह निर्णय मदद करेगा। जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए अब कोल इंडिया राज्य सरकार से सेवानिवृत्तकर्मियों और अधिकारियों को बहाल करने की नीति को लागू करने जा रहा है।

काके प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना में धांधली होने पर होगी कारवाई

# मुखिया व जनसवेक ने प्रखंड कर्मियों पर लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता। रांची
कांके प्रखंड क्षेत्र में मंईयां सम्मान योजना में पदाधिकारियों की धांधली की खबरें चर्चा में है। कांके के मुखिया विजय उरांव और जनसेवक राजेश उरांव ने उपायुक्त से लिखित शिकायत की है। इस लिखित शिकायत पत्र की प्रतिलिपि प्रखंड विकास पदाधिकारी कांके, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा रांची, मंत्री महिला विकास एवं सामाजिक सुरक्षा झारखंड सरकार को सूचनार्थ प्रेषित किया है। इन्होंने



आरोप लगाया कि मंईयां सम्मान योजना के आवेदकों को कांके प्रखंड के कर्मी कहते हैं कि मेरी मर्जी है जिसे चाहे पास करूं, जिसे चाहे न करूं। पदाधिकारी अपनी कुर्सी का पावर और रौब दिखकर, डरा धमका कर आवेदकों को भगा देते हैं। इन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि उनलोगों के साथ इंसाफ करे। इस संबंध में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तीन लाख इकतीस हजार आवेदन स्वीकृत हुए हैं तथा मात्र 806 आवेदन ही अयोग्य घोषित किए गए हैं। इस संबंध में किसी भी शिकायत पर शीघ्र करवाई होगी।

## परिस्थितियां जैसी भी हों, हमें धैर्य रखना चाहिए : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित दही-हांडी प्रतियोगिता में उपस्थित हुए। मौके पर जन-समूह को संबोधित किया करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि विगत कई वर्षों से यह भव्य आयोजन होता आ रहा है। आज के युग में जब हम विभिन्न सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, तब इस अवसर पर हमें प्रेरणा मिलती है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, हमें धैर्य, साहस और बुद्धिमत्ता से काम लेना चाहिए। प्रेम, सद्भाव और परस्पर सहयोग से ही समाज और देश का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि हम सब आत्मनिरीक्षण करते हुए संकल्प लें कि कर्तव्य के पथ पर चलते हुए समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्य करेंगे। राज्यपाल ने दही-हांडी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ,पूर्व मंत्री सीपी सिंह और हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**खलारी।** खलारी पुलिस ने शादी शुदा महिला के साथ यौन शोषण के आरोप में थाना क्षेत्र के नया धौड़ा निवासी प्रमोदकुमार लोहरा को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला नया धौड़ा की रहने वाली है। महिला के द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है।

## विधायक सरयू राय के विरुद्ध सिविल कोर्ट ने जारी किया समन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची सिविल कोर्ट ने पूर्व मंत्री और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के विरुद्ध समन जारी किया है. एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट ने स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संचिका के अंदरूनी पन्नों की चोरी करने के आरोप में सरयू राय पर संज्ञान लेते हुए उन्हें उपस्थिति के लिए समन जारी किया है. अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 13 सितंबर निर्धारित की है. विधायक सरयू राय



के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 105/22) दर्ज कराई थी. मामले के केस आईओ (अनुसंधान पदाधिकारी) ने आरोपों को सही पाते हुए 22 अगस्त को चार्जशीट दाखिल की थी.

## जंगली भालू ने वृद्ध के ऊपर किया हमला

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के पांडु गांव के भंगी नदी (पांडु नदी) के समीप गाय बैल चरा रहे डाढ़हा निवासी 75 वर्षीय वृद्ध किसान शंकर गोप के ऊपर एक जंगली भालू ने अचानक हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जान बचाने के लिए वृद्ध किसान शंकर जंगली भालू से भिड़ गया। उसके मुंह को अपने दोनों हाथों से रोकने का प्रयास किया। लेकिन जंगली भालू वृद्ध किसान से ज्यादा ताकतवर और खूंखार था। जंगली भालू ने वृद्ध किसान को गिराकर उसके सिर के पिछले हिस्से, हाथ पैर सहित शरीर के विभिन्न अंगों में नुकीले दांत से नोच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में मना जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में भाद्रपद कृष्णपक्ष की औदायिक अष्टमी एवं रोहिणी नक्षत्र का उत्तम संयोग पर मंगलवार को श्रीकृष्णजन्माष्टमी धुमधाम से मनाया गया। परम अमृत, प्रशान्त, शुद्ध परात्पर पूर्ण ब्रह्मरूप भगवान श्रीकृष्ण के आविर्भाव दिवस के उपलक्ष्य पर पूर्ण से परिपूर्णतम भगवान श्रीवेंकटेश्वर का प्रातः से ही उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत दूध, दही, हल्दी, चंदन, गंगाजल एवं शहद आदि से महाभिषेक हुआ। इसके बाद अलंकार आदि समर्पण कर भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। नित्याराधन, महाआरती भोग, गोष्ठी, एवं महास्तुति की गयी।
सायं चार बजे मन्दिर के जगमोहन में दिव्य पुष्पों से सजे हुए झूले पर विराजमान हो भगवान् वेंकटेशजी श्रीकृष्ण के रूप में, श्रीश्रीदेवी रुक्मिणी के रूप में और श्रीभूमिदेवी राधारानी के रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे थे। मन्वन्तरों, युगों तथा कल्पों में भगवान् श्रीमन्नारायण



अंशावतार, कलावतार, लीलावतार , आवेशावतार तथा पूर्णावतार सहित विभिन्न अवतारों द्वारा इस विश्व के सृष्टिपालन आदि कार्य सम्पादित करते हैं। आज भी वही सौभाग्यपूर्ण अवसर था, जो भगवान् श्रीमन्नारायण अपनी प्रेयसियों के साथ अपने परिपूर्णतम तेजः पुञ्ज का विस्तार कर मन्दिर के शोभा को बढ़ा रहे थे। रात आठ बजे से सामुहिक श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, श्रीकृष्णनामस्तोत्रम आदि के पश्चात श्रीकृष्ण-हरि संकीर्तन एवं भजनों से वातावरण गुञ्जित हो रहा था। इसके उपरांत रात्रि : 9.00 बजे से तिरुवाराधन, महाआरती, नैवेद्यम, गोष्ठी आदि विविध कार्यक्रम के पश्चात शयन आरती कराकर भक्तों के बीच फलाहारी सिंघाड़ा आटा के हलवा प्रसाद का वितरण हुआ। उद्यास्तमन सेवा के यजमान : श्री पुलक सिंघानिया धर्मपत्नी आयुषी सिंघानिया रांची निवासी हुए।
अर्चकः श्री सत्यनारायण गौतम, श्री गोपेश आचार्य एवं श्री नारायण दास ने सारे अनुष्ठान को विधिपूर्वक सुसंपन्न कराया। इस अववसर पर रामअवतार नारसरिया विनय धरनीधरका रचना सिंघानिया प्रदीप नारसरिया अनूप अग्रवाल रमेश धरनीधरका रंजन सिंह रामवृक्ष साहू सुशील लोहिया प्रकाश मोदी रश्मि मोदी आदि मौजूद थे।

## मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

# मुख्यमंत्री के खिलाफ आंदोलन की बनाई रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
राज्य वित्त आयोग की राशि सीधे ग्राम पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड राज्य मुखिया संघ के निर्देश पर लापुंग प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष सविता उरांव के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में जाने चेतावनी दी है। मुखिया सविता उराव ने कहा कि झारखंड सरकार ग्राम पंचायत के अधिकारों का हनन कर रही है और पंचायत की वित्तीय पावर पर ब्रेक लगा रही है। उन्होंने कहा कि इसी निमित्त झारखंड राज्य मुखिया संघ के तत्वावधान में रांची के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में सभी पंचायत के मुखिया भाग लेंगे और आंदोलन को सफल बनाएंगे। सविता उरांव ने कहा कि रांची के जाकिर हुसैन



पार्क राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर सभी मुखिया ने एक स्वर में कहा कि पिछले 24 एवं 29 जुलाई को मांग पत्र सौंपा गया था और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुलाकात एवं वार्ता भी हुई थी। वार्ता हेतु 20 अगस्त का समय दिया गया था। लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई और सकारात्मक पहल भी नहीं किया गया। इससे पूरे झारखंड प्रदेश के मुखिया संघ में भारी आक्रोश व्याप्त है। लापुंग प्रखंड के सभी मुखिया ने एक स्वर में कहा कि हम सभी राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची जा रहे हैं। जिसकी जवाबदेही आपकी है। इस मौके पर मुखिया सविता उरांव के अलावे दुर्गा उरांव, सरोज मुंडा, मालती रानी केरकेट्टा, बिरसमणी देवी, धुचला मुंडा, राम प्रसाद साहु सहित कई मुखिया मौके पर मौजूद थे।

## नदी में बाइक गिरने से बसवार की मौत

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के लालगंज भंगी नदी के पुल पर असंतुलित होकर बाइक 40 फीट नीचे नदी में गिरी और नीचे पुल के पिलर से टकराकर बाइक सवार के दर्दनाक मौत हो गई। गार्डवाल नहीं रहने के कारण पुल के दक्षिणी छोर पर मंगलवार को अपराह्न 3:30 बजे मजदूरी कर लापुंग से लालगंज की ओर वापस लौट रहे 21 वर्षीय मजदूर बिरेपन मुंडा पिता ठिसा मुंडा ग्राम चटकपुर अपनी बाइक एलएमएल फ्रीडम बाइक नंबर जेएच 01 डी 0640 सहित भंगी नदी के नीचे गिर गया। गिरते ही मजदूर बिरेपन मुंडा की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सहित उसके नीचे गिरने से आसपास के लोगों में अपरा तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा नेता चरवा उरांव घटनास्थल पहुंचा। लापुंग पुलिस को खबर मिलने पर पुलिस के पदाधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे। चारवा उरांव एवं भाई कुशिया उरांव की मदद से पुलिस प्रशासन ने नदी से बिरेपन मुंडा के शव को बाहर निकाला ।

# 116वां श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 116 वा कार्यक्रम मंगलवार को भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। अनिल नारनोली हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवं गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। श्री गणेश वंदना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया शुरू गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में



उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार अंकित आदि उपस्थित थे।

Information & Public Relations Department
Government of Jharkhand,
Suchana Bhawan, Ranchi

NOTICE OF CANCELLATION

Nature of Work: Expression of Interest (EOI) for Empanelment of News Agency(ies) for production and distribution of multi-format content (English text, Hindi text, Videos and Photos).
Only one bid was received and therefore the above mentioned tender having Tender ID: 2024_IPRD_89280_1, Tender Ref No: 1140 and pr number 331807 is hereby cancelled.

Sd/-
Director

PR 333848 (IPRD)24-25*D

**50** घर हैं अनुसूचित जाति व जनजाति की और आबादी 500 लोगों की है | **70** साल बाद भी जर्जर सड़क व बिजली की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है | सांसद मनीष जायसवाल को गांव में देख ग्रामीणों की आंखें खुशी से डबडबा गईं

## आजादी के बाद पहली बार अहरी गांव में पहुंचा कोई संसद सदस्य

# सूखा महुआ ले स्वागत को दौड़े लोग, भावुक हुए सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजादी के बाद पहली बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एक गांव के लोगों के चेहरे में मुस्कान दिखी। यहां के लोग बेहद उत्साहित और खुश दिखे। उनकी खुशी की वजह उनके गांव में आजादी के बाद पहली बार अपने क्षेत्र के किसी सांसद का पदार्पण होना था। यह गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौपारण प्रखंड चोरदाहा पंचायत अवस्थित ग्राम अहरी है। यह गांव मुख्य सड़क चौराहा चेकपोस्ट से महज कुछ किलोमीटर पर है। यहां अनुसूचित जाति और जनजाति के करीब 50 घर हैं जहां की आबादी करीब 500 लोगों की है। पहाड़ी क्षेत्र से घिरे इस गांव में आने के लिए उबड़- खाबड़, पथरीले और दुर्गम रास्ते हैं। देश के आजादी के करीब 70 साल बीतने के बाद भी यहां के ग्रामीणों को जर्जर सड़क, बिजली की समस्याओं से जूझना पड़ता है। माध्यमिक स्कूल और स्वच्छ पेयजल की मांग के साथ ग्रामीण 70 सालों से किसी जननेता के आस में टकटकी लगाए हुए थे। अंततः ग्रामीणों का आस पूरा हुआ और उनके गांव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल के आने की आहट मात्र से ही गांव के संपूर्ण लोग एकजुट हो गए और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। भावुक होकर लोगों ने अपने तरीके से पहली बार गांव में पांव पड़े किसी सांसद का आवभगत किया।माता-बहनें अपने बच्चों के साथ यहां पहुंचकर तालियां बजा रही थी। इस गांव के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण था जो हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके जीवन में एक नई उम्मीदों की किरण दिखाई दे रही थी। पहली बार इस गांव के बूथ से भाजपा ने बीते लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी और लोगों ने इसी उम्मीद के साथ मनीष जायसवाल को अपना मत दिया था की उनके लिए वे रहनुमा बनकर उनके बीच आयेंगे। हुआ भी ऐसा ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार सांसद बनने के महज कुछ महीने बाद ही सांसद मनीष जायसवाल इस गांव के लोगों से मिलने पहुंचे और गांव के लोगों का अपनत्व भरा प्रेम और अनन्य भक्ति देख वे भी भावुक हो गए। उन्होंने गांव के सभी प्रमुख जनों को अंग- वस्त्र भेंटकर सम्मान किया और उनके लिए एक नया सबेरे लाने का वादा किया। कहा की आप जनता के अपार समर्थन, स्नेह- प्यार और आशीर्वाद ने ही मुझे इस काबिल बनाया है की आपके सुख दुख में भागीदार बन सकूं। मैंने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कहा था कि मैं नेट नहीं आपका बेटा और भाई बनकर आपके बीच रहूंगा और क्षेत्र के विकास के साथ लोगों के उत्थान के लिए कार्य करूंगा।





### बिस्किट-मिक्सचर लेकर सत्कार में जुटे लोग

चौपारण प्रखंड के चोरदाहा पंचायत अवस्थित ग्राम अहरी में सांसद मनीष जायसवाल के पहुंचने की आहट अगल-बगल के गांव में पड़ते ही अचानक यहां गांव चर्चा में आ गया। सांसद मनीष जायसवाल के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी यहां पहुंचे थे। कोई सूखे महुवा का फल लेकर तो कोई बिस्किट- मिक्सचर लेकर तो पानी लेकर उनके आतिथ्य सत्कार में जुट गया। कई ग्रामीणों की आंखों खुशी से डबडबा गई तो कई नाचने- झूमने लगे।

### हजारीबाग सांसद की पहचान एक जननेता के रूप में रहा है

गांव के लोगों ने अनोखे तरीके से दोनों नेताओं का स्वागत किया और आजादी के बाद पहली बार सांसद के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका खूब आभार भी जताया। हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहचान एक जन नेता के रूप में है। बतौर विधायक 10 वर्षों तक उन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए बेमिसाल कार्य किया और अब सांसद बनने के बाद लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच बने हुए हैं।

### क्षेत्र वासियों के विकास को लेकर कटिबद्ध हैं सांसद जायसवाल

जनता के हर एक सुख-दुख में हुए भागीदार बन रहे हैं और क्षेत्र और क्षेत्र वासियों के विकास को लेकर कटिबद्ध हैं। लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान जहां आपने क्षेत्र और क्षेत्र वासियों की समस्या को लेकर देश के सर्वोच्च सदन पटल पर मुखरता से गरजते नजर आए। उसी प्रकार अहले सुबह से लेकर मध्य रात्रि तक अपना पूरा समय और क्षमता जनहित क्षेत्र के विकास के लिए झोंक रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल के प्रति जनता का असीम जुड़ाव और प्रेम भी निरंतर बढ़ता जा रहा है। जनता और जननेता के बीच का यह सच्चा प्रेम वर्तमान समय में बिरले ही देखने को मिलता है जो अभी देखा जा रहा है।


## ओरपरता में संपन्न हुई मटका फोड़ प्रतियोगिता, शामिल हुए विधायक

**बरही ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डपोक पंचायत के ओरपरता गांव में हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काटकर किया. मौके पर जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष श बरही विस प्रभारी सूरज दास, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, चौपारण विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू आदि सहित कई लोग मौजूद रहे. प्रतियोगिता में ओरपरता, विजैया आदि विभिन्न स्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. मटका फोड़ प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि कंश और दुर्योधन जैसे दुराचारियों का नशा करने वाले भगवान श्री कृष्ण ने हम सबों को अन्याय के प्रति सजग और आवाज उठाने की शिक्षा दिया है।

## विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सी-विजिल पोर्टल को क्रियाशील करना है

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने बताया कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, रांची के



द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता, कैश, लिकर, ड्रग्स, प्रिशियस, मेटल्स, फ्रीबिज एवं अन्य सामानों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने का निर्देश प्राप्त हैं। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण के लिए जारी किये गये ईएसएमएस ऐप व आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही सी-विजिल पोर्टल को क्रियाशील करना है ताकि आम नागरिक आदर्श आचार संहिता, केश एवं लिकर के उल्लंघन के उल्लंघन के संबंध में शिकायत कर सकें। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में व्यय प्रेक्षक के द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान एसएसटी टीम के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं की बेहतर उपलब्धता एवं पर्याप्त सुरक्षा बल की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## छह सूत्री मांगों को लेकर नगर पंचायतकर्मियों की हड़ताल जारी

**डोमचांच।** नगर पंचायत डोमचांच में कार्यरत सभी सफाई कर्मी अपनी छह सूत्री मांगो को लेकर पिछले 24 अगस्त से हड़ताल पर हैं। इसके कारण नगर में साफ -सफाई का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। नगर पंचायत के मुख्य चौक, बाजार, गलियों सहित पूरे नगर में कचड़े का अंबार लगा हुआ है। स्वच्छता अभियान के प्रति नगर पंचायत के अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। नगर पंचायत के वार्डों में व्याप्त गंदगी से लोगो को काफी परेशानी हो रही है। कर्मियों के हड़ताल पर जाने के कारण सभी वार्डो में जगह- जगह पर कचड़े का अंबार लगा हुआ है। इसके कारण हालात ये हैं कि घरों के बाहर गंदगी ही गंदगी दिखाई देती है। गंदगी के ढेरों में मुंह मारते आवारा पशु और भी गंदगी फैला देते हैं। गंदगी में पनपते मच्छर,मक्खियां आसपास मंडराती रहती हैं। इससे कई तरह की बीमारी होने की आशंका बनी रहती है।

## कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कृष्णायन के अखंडित पाठ का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** उत्तराखंड राज्य स्थित ऋषिकेश के भागीरथी धाम के महाराज की आज्ञा से जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी के द्वारा दिव्य कल्याण आश्रम सह भाजपा कार्यालय बरकट्ठा में श्री कृष्णा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर 'कृष्णायन' का अखंडित पाठ भक्तों के द्वारा किया गया। पाठ निरंतर 32 घंटे तक चला। वहीं समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। खासकर महिलाओं और बच्चों ने आश्रम में श्रद्धा के साथ भोजन किया।विदित हो कि स्वामी ज्ञानानंद (पूर्व विधायक बरकट्ठा) द्वारा स्थापित दिव्य कल्याण आश्रम पूरे क्षेत्र के लिए आस्था का केन्द्र है जहां हमेशा से जन कल्याण का कार्य किया जाता रहा है।कार्यक्रम में प्रमुख रेणु देवी, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, डेग लाल साव, वीरेंद्र ठाकुर, सुमन कुमार, कलावती देवी, सहित चल कुशा से मुखिया आलोक सिंह, सुखदेव यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, चल कुशा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, बरकट्ठा थाना प्रभारी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद , दर्शन सोनी, राजकुमार नायक, अर्जुन नायक शिक्षक संघ अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद समेत हजारों लोग शामिल हुए।

# डीपीएस गंगपाचो में विद्यार्थियों ने कृष्ण व राधा का मनमोहक रूप किया प्रस्तुत





**बरकट्ठा।** डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो बरकट्ठा में श्री कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप धारण कर मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक डॉ आई. पी.भारती, प्राचार्या स्वाति रंजन तथा अन्य शिक्षिकाओं द्वारा बालरूप श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ किया गया।निदेशक ने कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन से समरसता और मातृ प्रेम की सीख लेनी चाहिए। वहीं प्राचार्या ने कहा कि श्रीकृष्ण के समान ही हमें कठिन परिस्थिति आने पर अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण एवं राधा के जीवन पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया । श्रीकृष्ण व राधा के रूप में श्रेया राज, रमय रंजन, कृतिका कुमारी ने जीवंत झांकी प्रस्तुत किए। नृत्य में विदिशा कुमारी, आदित्ती रंजन, ऋषिका कुमारी, मुस्कान कुमारी आदि का नृत्य सराहनीय रहा।

## विधायिका में पूर्व सैनिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए : अरविंद ओझा



हजारीबाग। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा पूर्व सैनिक ने कहा कि आजादी के 78 साल हो जाने के बाद भी विधायिका में पूर्व सैनिकों की भागीदारी बिलकुल जीरो है। देश के हर राजनीतिक पार्टी सिर्फ सैनिकों के नाम की राजनीति करती है लेकिन उन्हें अपना उम्मीदवार नहीं बनाती।एक सैनिक को बहुत कुछ सीखने को मिलता है, अगर राजनीतिक पार्टियां पूर्व सैनिकों को विधानसभा /लोकसभा में जाने का मौका दे तो निश्चित रूप से भय, भूख, भ्रष्टाचार खत्म होगा, नहीं तो ये सिर्फ नारा बनकर ही रह जाएगा। एक सैनिक 'विजय या वीरगति' की राह पर चलने वाला होता है। कठिन परिस्थितियों में भी निर्णय लेकर मुस्कुराते हुए आगे बढ़ने की कला में निपुण होता है। लगभग फौजी गांव की मिट्टी में पले बढ़े शेर होते है जिसकी वजह से हरेक परिस्थितियों से सामना करने की क्षमता होती है। अगर सभ्य समाज का निर्माण करना है तो राजनीतिक दलों को पूर्व सैनिकों/अर्ध सैनिकों के लिए 25% सीट आरक्षित करनी चाहिए।

## भाजपा नेत्री ने विभिन्न पंचायतों में लगाया कैंप, सुनी जनसमस्याएं

# प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित हूं : शेफाली

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभूको को जोडने हेतु संकलन कैंप का आयोजन का प्रयास लगातार जारी है। मंगलवार को दारू प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के द्वारा संकलन कैंप लगाया गया। इस दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर कई जनसमस्याएं सुनी। दारू प्रखण्ड के जिनंगा पंचायत ग्राम महेशरा, रामदेव खारिका, गोपोला एवं पेटो में संकलन कैंप का आयोजन किया



गया। उक्त जगहों पर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभूकों को जोड़ने के लिए संकल्प कैंप में भारी भीड़ उमड़ी। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारियां दी तथा अन्य मुलभूत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने ग्रामीणों को संबोधित कर कहा कि जन-जन तक प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हूं।

## सीमेंट कंपनी के सेल्समैन से लूट के मामले में चार अपराधी गिरफ्तार

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो चौक पर बांगर सीमेंट कंपनी के सेल्समेन से लूट का प्रयास मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले का उदभेन कर लिया है। मामले में सोमवार को एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता कर घटना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चार आरोपियों में से तीन का आपराधिक इतिहास भी रहा है.। पकड़े गए आरोपियों अमित कुमार उर्फ गोड्डा, 34 वर्ष, पिता- स्व. प्रदीप सिंह, निवासी विशुनपुर, थाना- बिहटा, निवासी बिरसा ब्लड बैंक रोड नं पांच 5 बरियातू और समीर श्रीवास्तव, 33 वर्ष, पिता- यादबेंदु लाल, निवासी रिम्स कॉलोनी, बरियातु, रांची शामिल है।

# सही मायने में लोक कल्याणकारी है झारखंड सरकार : डॉ आरसी मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने मंगलवार को सदर प्रखंड के मोरंगी, बकासपुर, डेमोटांड़ एवं डंनडय समेत दर्जनों गांव का दौरा किया।बकासपुर दौरे पर उन्होंने जनसंवाद में डॉ मेहता ने कहा कि झारखंड के विभाजन के बाद पहली बार सरकार द्वारा झारखंड वासियों के हित के लिए दर्जनों सौगात दिया गया है जिसमें मंइया सम्मान योजना का लाभ सभी को उठाना चाहिए।अबुवा आवास योजना में सभी कच्चे मकान वाले लाभ ले सकेंगे। सरकार 2 लाख तक कृषि कर्ज माफी, 200 यूनिट निशुल्क बिजली, सोना सोबरण साड़ी धोती वितरण योजना,सभी वर्ग की महिलाओं को पेंशन समेत कई कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। डॉ मेहता ने कहा। कि सरकार के कार्यक्रम को जनता तक पहुंचाने के लिए मैं प्रखंड पंचायत गांव और चूल्हा चक्की तक जा रहा हूं।

# न्यूज | बॉक्स

### आज से प्रारंभ होगा तीन दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता, तैयारियां पूरी

**बरही ।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड मैदान में आज से तीन दिवसीय खेलो झारखंड प्रजियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. जिसमे प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राएं हिस्सा लेंगे. बीआरसी से मिली जानकारी के अनुसार इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन तीन श्रेणियों में किया जा रहा है. अंडर-14 वर्ग की प्रतियोगिता 28 अगस्त को, अंडर-17 वर्ग की प्रतियोगिता 29 अगस्त और अंडर-19 वर्ग के लिए प्रतियोगिता 30 अगस्त को आयोजित किए जायेंगे. अंडर-14 में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की उम्र 1 जनवरी 2011, अंडर-17 के लिए 1 जनवरी 2008 और अंडर-19 के लिए 1 जनवरी 2006 के बाद से निर्धारित की गई है. प्रतियोगिता पूर्वाह्न 9 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित किए जायेंगे. प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, ऊंची छलांग, लंबी छलांग, शॉट पुट थ्रो, एथलेटिक्स जिसके तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 600 मीटर के रिले दौड़ आयोजित किया जाना है, इस संबंध में सभी विद्यालय प्रधान से प्रतियोगिता के लिए सूची ली जा चुकी है।

### जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली की बहनें



**हजारीबाग।** विगत 23 और 24 अगस्त को हजारीबाग स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खो- खो प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली की बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। मंगलवार को विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने विजेता बहनों को पदक एवं शील्ड प्रदान कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सभी ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है 'आप सभी इसी प्रकार विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सफलता प्राप्त करते रहे।बताते चलें कि राधा कृष्ण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नृत्य गान प्रतियोगिता में भी विद्यालय की बहनों ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया था। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेता बहनों को प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी ' मौके पर विद्यालय के आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा, आचार्य रणजीत सिंह यादव, हेमंत कुमार, आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश




रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बरही चौक पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**बरही।** देर संध्या सोमवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का बरही चौक पर आगमन हुआ. जिनका कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया. मौके पर स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, जिला ध्यक्ष शैलेंद्र यादव आदि मौजूद थे. अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी की अगुवाई में की गई थी. इस अवसर पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, चौपारण जिप सदस्य रविशंकर अकेला, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मिडिया प्रभारी तौकीर रजा, भंडारों पंचायत अध्यक्ष मो शमशेर आलम, कार्तिक पासवान आदि सहित कई लोग मौजूद थे. उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन एक मजबुत और जनहितैषी गठबंधन है।

### झारखंड के हालात बदलने के लिए पूर्ण बहुमत में भाजपा की सरकार जरूरी : टोनी जैन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने मंगलवार को दारू प्रखंड तथा सदर प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवो में सघन दौरा किया। दारू प्रखंड के चीरवा गांव तथा सदर प्रखंड के ओरिया गांव मे जन समस्याओ को जानने के क्रम में पाया कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनों तक नहीं पहुंच पा रहा।श्री जैन ने ग्रामीणों से निवेदन किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में आप सभी लोग भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दे।जनसंपर्क अभियान में पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ बसंत कुमार,रविंद्र, दिनेश कुमार सोनी ,विजय मोहन प्रसाद ,मनोज कुमार, मुकेश कुमार, सागर कुमार, चंदन कुमार, विक्रम कुमार, शेखर गुप्ता ,मुकेश मेहता समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

### वन विभाग की टीम ने सलैया वन से दो अवैध आरा मिल को किया ध्वस्त




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया में वन विभाग की टीम के नेतृत्व में चल रहे दो अवैध आरामील को ध्वस्त किया गया। प्रशिक्षु डीएफओ शशांक शेखर, एसीएफए के परमार ,बरही रेंज आफिसर कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम सलैया मडुआटांड टोला में स्थित अवैध संचालित आरा मील हीरालाल उर्फ भोकवा पिता हीरी महतो,पोखी प्रसाद पिता होरिल महतो को ध्वस्त कर वहां रखे लाखों रुपए की किमती लकड़ी को जप्त किया। दोनों आरा मील को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर मशीन को जप्त कर आगे कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मौके पर पदाधिकारीओ ने कहा कि क्षेत्र में चल रहे अवैध आरा मीलों ध्वस्त किया जाएगा। मौके पर जिला वन कर्मी शामिल थे।

## राज्यपाल ने लोहरदगा के चीरी में परिसंपत्ति का किया वितरण

# मैं आपकी समस्याओं को जानने आया हूं : राज्यपाल





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि देश की आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर विभिन्न समस्याओं की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। उन्होंने लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पतिसंपत्ति का वितरण किया।

राज्यपाल ने कहा कि एक समय था कि केंद्र से लोगों के विकास के लिए भेजी गई राशि का लाभ लाभुकों तक पूरा नहीं पहुंचता था। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से न हो, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी

### ग्रामीणों से किया संवाद, आशिया का अन्नप्राशन किया

के बीच यह जानने आया हूं कि आपको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं, आपकी विभिन्न समस्याएं जान सकूं, ताकि इससे सरकार को अवगत कराकर इसका निदान किया जा सके। मैं आप सबका विकास देखना चाहता हूं।

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि किसानों के हित में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' संचालित है। कहा कि ऐसा कोई परिवार तो नहीं है, जो निःशुल्क अनाज के लाभ की उपलब्धता से वंचित है और वे इस योजना के पात्र हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वे कभी पेट्रोलियम मंत्री हुआ करते थे तथा लोगों के मध्य एलपीजी गैस की उपलब्धता के लिए पूर्णतः सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक परिवार तक एलपीजी गैस की उपलब्धता हो, इस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हमारी माताओं-बहनों के मध्य 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन का लाभ प्रदान किया जा रहा है। राज्यपाल ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक है। विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में बताया गया है कि गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली।

मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार के समक्ष सखी मंडल के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से पूर्व उन लोगों की आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन अब इससे जुड़ने के उपरांत आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्यपाल के समक्ष मुनि देवी (प्रमुख, कूड्डु, लोहरदगा), एनुल अंसारी (उप प्रमुख, कूड्डु, लोहरदगा), पंचायत के मुखिया राजेश लोहरा, मीणा उरांव, जिमा बरवाटोली, चीरी, अनिमा, ग्राम-सुकमार, सुमिता खलखो, जिमा चटकपुर, शमशाद अंसारी आदि ने संवाद किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर नवजात शिशु आशिया प्रवीण का अन्नप्राशन किया।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के मध्य पावर स्प्रेयर व व्हील चेयर का वितरण किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णतः प्रमाण पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, उद्योग विभाग द्वारा सहायतार्थ राशि प्रदान की। इससे पहले, राज्यपाल का कुडू पहुंचने पर उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने स्वागत किया। नावाटोली में संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल ने सखी मंडल की दीदियों के साथ नवाटोली, लोहरदगा में भेंट की तथा सखी मंडल की दीदियों को प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा टोप्पो और सीओ मधुश्री मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे।

## कृष्ण युवा मंच ने जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लचरागढ़/कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित नीचे चौक शिव मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।कृष्ण युवा मंच लचरागढ़ विगत 10 वर्षों से कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाते आ रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा फिता काटकर और रामदेव कसेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया अवसर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छोटे-छोटे बच्चे राधा कृष्ण का रूप धारण किए अति मनमोहक लग रहे थे।शिव मंदिर परिसर में भजन कीर्तन वंदन कर पूजा अर्चना की गई। बच्चों के नृत्य प्रतियोगिता के निर्णय करने में कलकत्ता चिल्ड्रन एकेडमी लचरागढ़ के हेड मास्टर शिव शंकर बेरा,राजू साहू और विनय अग्रवाल जज की भूमिका में रहे।नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम कृष्ण बागड़ी,द्वितीय रैना कुमारी और तृतीय रुचि कुमारी और सोना कुमारी हुई।नृत्य प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में माना साहू, रूपेश साहू, विजय स्वामी, राजू साहु, यशपाल सवामी, निखिल साहू,उत्तम साहू, राजा महतो, अंकित सोनी, गोकुल कसेरा, नितिन साहू, राज दुलार, राजा साहू, चन्द्रमोहन महतो, गौरव अग्रवाल, राकेश यादव, पुष्कर कसेरा, अनिल साहु, दिपक सिंह, प्रताप जैन, सहित केवाईएम के सभी सदस्य गणों की अहम भूमिका निभाई।

## मांगों को लेकर मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



बानो -बानो प्रखण्ड के मुखियाओं ने मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए जाने के लिए सूचनार्थ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी को ज्ञापन सौंपा। झारखंड प्रदेश मुखिया संध के तत्वावधान में आयोजित अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे। झारखंड प्रदेश मुखिया संध के द्वारा वित्त आयोग का राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 27अगस्त से अनिश्चित कालीन धरना जाएंगे।धरना प्रदर्शन जाकिर हुसैन पार्क रांची में आयोजित की गई है।मालूम हो कि सरकार के पास अपनी मांगों को दो बार रखा गया था परन्तु कोई पहल नहीं होने पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसी संदर्भ में सूचनार्थ बीडीओ बानो को एक ज्ञापन सौंपा गया। मौके विश्वनाथ बड़ाईक, अनिल लुगुन ,सोमारी कैथवार ,सीता कुमारी, लॉरेंस बागे ,मिन्सी लीना तिर्की, कृपा हेमरोम ,आलोक बारला,सहित प्रखण्ड के सभी मुखिया उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### भाजपा नेत्री मार्ग्रेट पिंकी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**सिमडेगा।** भाजपा नेत्री मार्ग्रेट पिंकी ने कुरडेग, केरसई तथा कुल्लुकेरा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनके समस्याओं को जाना। क्षेत्र के विकास की वस्तुझस्थिति से रूबरू हुईं। हाथी प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्या को सुन कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते हीं आपकी सारी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आदिवासी महिलाओं को एकजुट होकर भाजपा सरकार बनाने में समर्थन करने की बात कही। हेमंत सरकार के राज्य में आदिवासी बहनझबेटी कतई सुरक्षित नहीं है। लोभझलालच देकर केवल गद्दी पाने की मंशा हेमंत सोरेन के गठबंधन सरकार की है। क्षेत्र में विकास की धारा नगण्य है। कांग्रेस विधायक पर भी टिप्पणी करते हुए ग्रामीणों से कहा कि क्षेत्र में सिर्फ वोट मांगने के लिए कांग्रेस विधायक की मौजूदगी दिखती और ग्रामीण क्षेत्र में कोई ऐसा काम नहीं कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण जनता को राहत मिल सके। उन्होंने क्षेत्र की ग्रामीणों से रोजीझरोजगार, युवकझयुवतियों के पलायन सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बारे में जाना। मार्गेट पिंकी ने भाजपा सरकार आते हीं जनता की समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा जताया।


### बानो मदर टेरेसा कॉलेज में मनाई गई मदर टेरेसा की जयंती

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बानो में मदर टेरेसा की 114वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि फादर विजय विशिष्ट अतिथि डॉ सीमा टोप्पो निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा , बिल्लू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मदर टेरेसा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ए एन एम एवं जी एन एम की छात्राओं ने मिलकर मंगलाचरण एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जी एन एम की छात्राओं ने मदर टेरेसा के जीवन पर बहुत ही अच्छी नाटक प्रस्तुत की। फादर विजय ने अपने भाषण में मदर टेरेसा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मदर टेरेसा के विचारों को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। डॉ सीमा टोप्पो ने भी मदर टेरेसा के विचारों को संबोधित किया। निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने कहा गरीबों पिड़ीतों असहायों की सेवा ईश्वर की सेवा है। अपने त्याग प्रेम और सेवा के भाव से मदर टेरेसा पूरे विश्व की शांति दूत बनकर मदर कहलाई।

### केलाघाघ जलाशय में मत्स्य विभाग की ओर से चार लाख महाझींगा मत्स्य बीच किया संचयन

**सिमडेगा।** केलाघाघ जलाशय में मंगलवार को डॉ एचएन द्विवेदी, निदेशक मत्स्य झारखण्ड, राँची, डॉ एके दास वरीय वैज्ञानिक सिफरी बंगाल, सीमा टोप्पो, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा, पारसनाथ महतो, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, सिमडेगा, मो इमरोज खान, अशोक कुमार, संदीप चीक बड़ाईक, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में वर्ष 2022-23 द्वित्तीय चरण के 4 लाख महाझींगा मत्स्य बीज क शत प्रतिशत अनुदान पर संचयन किया गया। महाझींगा का पालन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। जहां समिति के लोग जलाशय में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन, केज, आरएफएफ से मत्स्य उत्पादन में समिति के 500 से अधिक लोंगों रोजगार मिला है।

### दो व्यवसाइयों के बीच हुए विवाद में एक घायल



**तिसरी।** घटना तिसरी थाना क्षेत्र के मचनियाटांड के समीप की बताई जा रही है वहीं आरोपी गांवा थाना क्षेत्र के माल्डा का रहने वाला है। तिसरी पुलिस ने फिलहल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार तिसरी के गिरजा मैदान के पास रहने वाला रंजय यादव पिता अर्जुन यादव ऑटो से घूम - घूम कर मिठाई बेचने का कार्य करता था.मिठाई बेचने के लिए वह अक्सर गांवा की ओर भी जाया करता है। वहीं गांवा के माल्डा का रहने वाला 24 वर्षीय विक्की कुमार गुप्ता पिता रंजीत प्रसाद भी यही कारोबार करता है.वह स्थाई रूप से बिहार के नवादा जिले के हिसुआ थाना अंतर्गत ग्राम तिलैया जंक्शन का रहने वाला है.वह बीते 8 सालों से माल्डा में रहकर मिठाई बेचने का कार्य करता था। इसी को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद भी होने की बात बताई जा रही है। इसी क्रम में रंजय यादव ने 26 अगस्त को तिसरी थाने में आवेदन देते हुए विक्की कुमार गुप्ता व दो अज्ञात लोगों पर तिसरी - गांवा मुख्य मार्ग स्थित मचनियाटांड के पास सुनसान सड़क पर उसे रोककर उसके साथ मारपीट कर उसके चेहरे पर कोई हानिकारक तरल पदार्थ डाल देने का आरोप लगाया है।

## झारखंड प्रदेश मुखिया संघ अनिश्चित कालीन धरने पर, कार्य प्रभावित

### धरना में भाग लेने तिसरी के सभी मुखिया रांची रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

झारखंड प्रदेश मुखिया संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। इसको लेकर मंगलवार को तिसरी मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष पिंकेश सिंह के नेतृत्व में मो. हासिमुद्दीन,मुखिया प्रतिनिधि मदन यादव, मोहन मरांडी समेत 15 पंचायतों के मुखिया रांची के लिए रवाना हो गए. बताया गया कि मुखिया संघ लगातार सरकार से राज्य वित्त आयोग की राशि उपलब्ध कराने की मांग कर रही है इसके बावजूद उनकी मांगों पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया। अंततः राज्य भर के मुखिया



झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के बैनर तले अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर रांची स्थित जाकिर हुसैन पार्क (राजभवन) के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। बताया गया कि मुखिया संघ द्वारा उक्त मांगों को लेकर सरकार को 24 और 29 जुलाई को मांग पत्र भी सौंपा गया था साथ ही मुख्यमंत्री से मुलाकात और वार्ता के लिए समय मांगा गया था लेकिन सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण मुखिया संघ ने अनिश्चितकालीन धरना प्रारम्भ कर दिया है।

**धरने से ग्राम पंचायत के कार्य रहेंगे प्रभावित**

बता दें कि झारखण्ड प्रदेश मुखिया संघ के धरने से पुरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर के कार्य प्रभावित रहेंगे।

## प्रसूता की मौत के बाद भड़के परिजन मनीष नर्सिंग होम में जमकर काटा बवाल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह के युवा अधिवक्ता गौरव भदानी की पत्नी ब्यूटी कुमारी के निधन से आक्रोशित परिजनों और अधिवक्ताओं ने सोमवार की रात सिहोडीह सिरसिया स्थित मनीष नर्सिंग पहुंचे और दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजन व अधिवक्ता मृतका के शव को लेकर मनीष क्लिनिक पहुंचे थे। बता दें कि मनीष नर्सिंग होम गिरिडीह सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत डॉ राजीव कुमार का बताया जाता है। वहीं अस्पताल में हंगामे की सूचना



मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद सदल बल अस्पताल पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। मौके पर मौजूद जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नुकान्त और उपाध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा ने दोषी चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने की मांग की। क्लिनिक में हंगामे की खबर सुन कर कई डॉक्टर भी पहुंचे। डॉक्टरों का कहना था कि कोई भी डॉक्टर अपने मरीज की जान क्यों लेगा। हादसे के कई कारण हो सकते हैं। गौरतलब है कि नगर थाना क्षेत्र के मकतपुर निवासी अधिवक्ता गौरव भदानी की पत्नी ब्यूटी कुमारी गर्भवती थी। बीते 21 अगस्त को उसे प्रसव पीड़ा होने पर गिरिडीह सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत डॉक्टर राजीव कुमार के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।

### अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए छात्रा ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**चतरा।** एक छात्रा ने अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करने के लिए चतरा उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष मंगलवार को फरियाद लगाई है। छात्रा ने जनता दरबार में पहुंचकर उपायुक्त के समक्ष अपनी फरियाद रखी और नम आंखों से कहा कि पारिवारिक परिस्थितियों के कारण 9 वीं तक की पढ़ाई की आगे की पढ़ाई छूट गई है। अब वह दसवीं करना चाहती है। लेकिन विद्यालय के हेड मास्टर नामांकन नहीं कर रहे हैं। छात्रा ने उपायुक्त के समक्ष विनती की और कहा कि आगे की पढ़ाई के लिए वे मदद करें।

## परिजनों ने पल्लव राज की हत्या का आरोप दोस्तों पर लगाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लातेहार जिला के बारियातु प्रखंड के बचरा गांव के रहनेवाले कमल किशोर सिन्हा के पुत्र पल्लव राज सिन्हा की 19 जुलाई की हत्या कर दी गई। मृतक के परिजनों ने पल्लव के हत्या का आरोप उसके दोस्त पर लगाया है। पल्लव राज के परिजनों ने मंगलवार को करमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पैसों के लिए पल्लव के दोस्तों ने उसकी हत्या कर दी। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आया है। पर डॉक्टरों ने दम घुटने की बात कही है। पल्लव के दोस्तों का कहना है कि पल्लव ने फांसी लगाकर खुदकुशी की। मृतक के परिजनों का कहना है कि 19 जुलाई की शाम पल्लव के दोस्त अंकित सिंह ने उन्हें कॉल कर कहा कि पल्लव खुदकुशी करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने मृतक के परिजनों को लोकेशन भी सेंड किया। जब पल्लव के परिजन उसके दोस्तों द्वारा भेजे गए लोकेशन पर पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। जब दोस्तों को दुबारा कॉल किया गया तब भी उसे गलत लोकेशन बताया गया। आखिर में पल्लव के दोस्तों ने पतरातु घाटी का लोकेशन भेजा।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर महावीर मंदिर में भव्य कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिलेभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर हर तरफ भक्ति भाव का माहौल देखने को मिला। सभी मंदिर और देवालय "हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की" जयकारे से गूंजायमान रहे।सिमडेगा शहर की हृदयस्थली महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार रात्रि भव्य जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व डीडी सिंह के द्वारा उपायुक्त को शॉल ओढ़ाकर समिति





की तरफ से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उपायुक्त ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए उद्देश्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। साथ ही सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दिए।इसके अलावा कलाकारों द्वारा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाहर से आए कलाकार विकास बाबू सिंह, विशाल बिशु, भजन गायिका रानी पांडे तथा म्यूजिशियन टीम अमित, रिंकू व राहुल के द्वारा अपनी मनमोहन प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरि सिंह, प्रदीप शर्मा, मुकेश कुमार बरणवाल, हरिश्चंद्र गुप्ता तथा सुमित गुप्ता सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।वहीं रात्रि में 12:00 बजे बाल गोपाल के जन्म के पश्चात स्नान कराकर सुंदर और मनमोहन वस्त्र धारण कराए गए। तत्पश्चात पुरोहित द्वारा पूजा अर्चना की गई। और फिर बाल गोपाल का प्रिय भोग, मक्खन आदि अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही पूरे दिन उपवास रखकर मंदिर आई महिलाओं व युवतियों ने बाल गोपाल के जन्म के पश्चात उनकी पूजा कर अपनी मनोकामना की और जागरण कार्यक्रम का आनंद लिया।

### धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार आधी रात तक श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व को लेकर शिव मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण भगवान का झूला बनाकर आकर्षक ढंगो से फूलों से सजाया गया था।रात्रि 12:00 बजे जैसे ही कृष्ण कन्हैया ने जन्म लिया मंदिर में उपस्थित ग्रामीण जय कन्हैया लाल की जयकारे से गुंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिर पहुंचकर श्रीकृष्ण के झूला झुलाकर एवं पूजा अर्चना एवं कृष्ण कन्हैया का दर्शन कर जन्मोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया।इस मौके पर छोटे बच्चे राधा रानी का रूप धरे थे।इस मौके पर रूबिता देवी स्मिता देवी स्मृति शरण सिन्हा शोभा देवी मुन्नी देवी अमन कुमार मोहित कुमार साहिल कुमार शुभम केसरी कृष्ण की जन्मोत्सव पर उपस्थित थे।

### कुंदुरमुण्डा गांव में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के कुंदुरमुण्डा गाँव में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी । इस मौके पर कुंदुरमुण्डा चौक स्थित देवी गुड़ी मन्दिर में ग्रामीणों ने आधी रात से पूजन अर्चना शुरू कर दिया । पूजन प0 दिलीप दुबे के द्वारा विधिवत पूजन कराया गया । इसके



बाद से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में कीर्तन -भजन, नाच-गान का आयोजन किया गया । पूरी रात नाच-गान के बाद प्रातः में दधि भंजन किया गया । इस मौके पर प्रशांत कुमार दास, झसकेतन रावत, मुस्कु राम, रमेश खलखो, रोहित दास, मुंगेश्वर नायक एवं भारी संख्या में महिला-पुरूष एवं बच्चे मौजूद थे।

## जिला पंचायती राज विभाग की उपायुक्त ने की समीक्षा

# पंचायत ज्ञान केंद्र में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।पंचायत ज्ञान केंद्र के संचालन के संबंध में चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने सभी पंचायतों में संचालित पंचायत ज्ञान केंद्र की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहीं। वहीं उन्होंने केंद्र का नियमित संचालन करने, केंद्र पर स्थानीय भाषा खोरठा, खड़िया, नागपुरी सहित अन्य स्थानीय भाषाओं से संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा इसके माध्यम से बच्चों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रत्येक पंचायत में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक के माध्यम से ही दर्ज होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।पंचायत में संचालित प्रज्ञा केन्द्रों की समीक्षा के



क्रम में उपायुक्त ने पंचायत में प्रज्ञा केंद्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करते हुए आम जनों को प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं 15 वें वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में प्रखंडवार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण करने, योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए।उपायुक्त ने पंचायत समिति के माध्यम से सितंबर माह तक नई योजनाओं का चयन कर स्वीकृत करते हुए धरातल पर क्रियान्वित सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की बहाल के तहत पंचायत भवन की जितनी भी खराब जनरेटर है उसे ससमय ठीक करना की बात कहीं। डिजिटल पंचायत के तहत जिन पंचायत भवनों में कंप्यूटर का अधिष्ठापन नहीं किया गया है वहां यथाशीघ्र कंप्यूटर की खरीदारी कर अधिष्ठापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर नेटवर्क की कनेक्टिविटी के तहत प्रत्येक माह भारत नेट की सुविधा से संबंधित स्थिति का समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित विषयों पर आवश्यक निर्देश दिये बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

संपादकीय

# शहर की चकाचौंध में गांव

वैश्वीकरण के बाद पिछले 40 वर्षों से शहरों और गांवों में बाजारीकरण के कारण जो गैर-बराबरी बढ़ रही है, उसने गांवों के असली विकास पर सवाल पैदा कर दिया है। आज गांवों में जो विकास दिखता है, वह विकास नहीं, बल्कि बाजारीकरण की मजबूत होती पैठ है। यही उपभोक्तावाद है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में पिछले 1993-94 से 2012 के दौरान उन ऐशो-आराम की वस्तुओं का उपभोग तेजी से बढ़ा, जो अमूमन शहरी अमीरों के पास हुआ करती थीं। जिन गांवों में साइकिल या अपवाद स्वरूप मोटर साइकिल हुआ करती थी, वहां कारें दौड़ने लगी हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 1993-94 से 2012 के बीच कार रखने वालों का प्रतिशत 12 से बढ़कर 40 हो गया। दोपहिया वाहनों की संख्या में पांच गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई। यानी गांवों में भी ऐशो-आराम की जिंदगी जीने वालों की संख्या पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। इससे यह धारणा बननी शुरू हो गई है कि उपभोग के मामले में गांव शहरों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं।

**दोपहिया वाहनों की संख्या में पांच गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई। यानी गांवों में भी ऐशो-आराम की जिंदगी जीने वालों की संख्या पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है।**

लेकिन यह विकास गांवों में बाजार की घुसपैठ का नतीजा है। आंकड़ों की जादूगरी में मन को उलझा देने से असलियत दब जाएगी। इसलिए देखना यह है कि सर्वे रिपोर्ट किस मूल बात को प्रकट करने में चूक गई है। दरअसल, गांवों के असली हालात का सर्वे रिपोर्ट में खुलासा ही नहीं किया गया है। आज भी भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि ही है। गांवों में रहने वालों में 95 प्रतिशत लोग खेती से ही जीविकोपार्जन करते हैं। और इन खेती करने वालों में 85 फीसदी लोग सीमांत या छोटे किसान हैं। इन 85 प्रतिशत लोगों के पास दोपहिया वाहन नहीं हैं और कार खरीदने का तो सवाल ही नहीं उठता है। गांवों में जिनके पास चार पहिया या दोपहिया वाहन हैं, वे बड़े किसान कहे जाते हैं। यानी गांवों में जो उपभोग की वस्तुएं खरीदते हैं, उनकी तादाद 20 प्रतिशत से भी कम ही है। इसलिए पंद्रह प्रतिशत लोगों द्वारा उपभोग की जा रही वस्तुओं के आंकड़ों से गांवों की खुशहाली का अनुमान लगाना उचित नहीं है। निश्चित रूप से गांव का गरीब अब आधुनिक विकास की दौड़ में शामिल होना चाहता है, लेकिन पैसे की कमी के चलते वह इस दौड़ में शामिल नहीं हो पा रहा है। बाजारीकरण के बाद निश्चित रूप से गांव की तस्वीर बदली है, लेकिन यदि विकास से इसे जोड़ा जाए, तो महज 20 प्रतिशत यानी बड़ी जोत वाले किसानों का विकास हुआ। गांव में बड़ी जोत वाले किसानों के पास ही संपत्ति, जायदाद और व्यापार की मोटी कमाई है। यानी मलाई वही वर्ग छान रहा है, जिसकी जमीन पर बिना जोत वाले किसान काम करते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक, देश के 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के पास अपनी जमीन नहीं है। पंजाब को सबसे संपन्न प्रांत माना जाता रहा है, लेकिन कर्ज में डूबकर आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या वहां सबसे ज्यादा है। एनएसएसओ की सर्वे रिपोर्ट बताती है कि गांवों में आजादी के लंबे अंतराल के बाद भी दस प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जिनके पास खर्च करने के लिए बमुश्किल से दस रुपये भी नहीं होते हैं।

# कश्मीर चुनाव से नए दौर की उम्मीद

जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी। यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं। चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने ह्यघोषणा-पत्रह्ण को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा। इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**




आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

देश की बात

# जाटलैंड में श्वेता के जरिये कांग्रेस को विनेश से आस

कुश्ती का कितना दबदबा इस मर्तबा हरियाणा विधानसभा चुनाव में रहेगा? इसको लेकर तो चचाएं आम हैं ही, लेकिन एक और कारण है जिसके चलते मौजूदा चुनाव बड़े दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जाट लैंड के नाम से विख्यात हरियाणा में इस बार चुनावी मुद्दे एकाध नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। कुश्ती की किचकिच, बृजभूषण सिंह और विनेश फोगाट के बीच चिंगारी की भांति भड़कता प्रकरण, जाट आंदोलन, किसान मूवमेंट, चुनाव से पहले नेताओं द्वारा दलबदल, आपसी खींचतान के इतर एक ऐसा अलहदा और नया रौचक मुद्दा उभरा हुआ है। मुद्दा किसी सियासी खिलाड़ी से नहीं, बल्कि घुड़सवार खिलाड़ी से वास्ता रखता है। किरदार का नाम है श्वेता मिर्धा। श्वेता के अचानक सियासत में कूदने से राजनीतिक समीकरण अपने आप बदल गए हैं। श्वेता की आमद ने जहां कांग्रेस में नई जान फूंकी है, तो वहीं भाजपा के चुनावी गणित-भूगोल की ऐसी की तैसी कर दी है। श्वेता मिर्धा बेशक सियासी गलियारों में अपरिचित नाम हो और अनसुना भी। पर, ये नाम हरियाणा विधानसभा चुनाव में अचानक चचाओं में आया है। अगर थोड़ा विस्तार से पूरे माजरे को समझें तो मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विनेश फोगाट में अपना भविष्य तलाश रही है। कांग्रेस चाहती है विनेश कांग्रेस का दामन थामे और सियासी लड़ाई में छलांग लगाकर उनकी बैतरणी पार लगाए। लेकिन उनके अथक प्रयासों से कमोबेश वैसा हो न सका। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से लेकर शीर्ष लीडरशिप विनेश को खूब मनाती रही, तरह-तरह के लोभ-लालच दिए गए, लेकिन विनेश नहीं मानी। आखिरकार विनेश के मानने की खबर आई है। उन्हें मनाया किसी नेता ने नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी ने मनाया है। खिलाड़ी का नाम है श्वेता मिर्धा। कांग्रेस इन दोनों के जरिए 90 में कम से कम 60 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य बनाकर चल रही है। सट्टा बाजार तो भविष्यवाणी ही कर चुका है कि अगर विनेश कांग्रेस का प्रचार भी कर देती हैं तो 56 से 60 सीटें जीत सकती हैं। कांग्रेस किसी भी सूरत में विनेश को चुनाव में उतारकर इस बार का चुनावी मैदान फतह करना चाहती है। श्वेता मिर्धा कोई और नहीं, हरियाणा कांग्रेस के कद्दावर नेता व युवा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी हैं। युवा हैं। उच्चशिक्षित हैं। इसके अलावा श्वेता सफल अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने तमाम इंटरनेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते हैं। ऐसा भी नहीं है कि वह राजनीति से अनभिज्ञ हैं। सियासत उनके खून में पहले से है। राजस्थान के दिग्गज जाट नेता व पांच मर्तबा सांसद रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। चलिए अब आते हैं मुद्दे की बात पर। कांग्रेस ने श्वेता को विनेश फोगाट को मनाने के लिए लगाया है। शुरूआती सफलता भी मिली है। पक्की खबर है कि उन्होंने विनेश फोगाट को राजनीति में आने के लिए मना लिया है। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस विनेश से जुड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक न मिलने के उनके विश्वव्यापी प्रकरण को चुनाव में सहानुभूति के रूप में भुनाने से नहीं चूकेगी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

अलग बात

# यह बड़बोलापन ही डुबोता है हमको!

देश की राष्ट्रीय कही जाने वाली पार्टियों के सांसदों और विधायकों के आचरण के भी कुछ ना कुछ कोड तय किए जाने चाहिए और वह पार्टियों द्वारा स्वयं ही तय किया जाना चाहिए। क्योंकि हमारे देश में अपने कैरेक्टर को, अपने आचरण को स्वयं से मापने का या किसी पैमाने पर जांचने का किसी को कोई सउर ही नहीं है। क्योंकि राजनीति में आते ही हर एक व्यक्ति अपने आप को एक सिकंदर से काम नहीं समझता और हमने इतिहास में देखा है कि तमाम सिकंदरों ने बाकि जनता को अपने पांव की जूती की नोक के बराबर ही समझा है। तो ऐसे में यदि पार्टियों को देश की चुनौतियों को सही मायनों में मुकाबला करने की इच्छा शक्ति हो, तो उन्हें अपने सांसदों और विधायकों के लिए हरगिज हरगिज एक कड़ा आचरण कोड लाना ही चाहिए। पिछले दिनों पूर्व की ख्याति प्राप्त अभिनेत्री एवं वर्तमान नई नवेली नेत्री कंगना रावत ने किसान आंदोलन एवं विभिन्न विषयों से संबंधित जो नासमझी वाली बातें की हैं, उन्हें यहां पर दोहराना भी मुझे अशोभनीय लगता है। क्योंकि यह बिल्कुल ऐसा लगता है कि आप अपनी स्वयंभू राय के लिए को कहने के लिए बाकी किसी को अपने सामने तुच्छ समझते हैं। जबकि आपको लगता है कि आपके द्वारा दिया जा रहा किसी घटना का वर्णन या विवरण बिल्कुल सही है। जबकि देखा जाए तो वह विवरण न केवल तथ्य रूप में, बल्कि भावना के रूप में भी बिल्कुल अनुचित और अन्यायपूर्ण ठहरता है। क्योंकि इस तरह के अनुचित एवं गैर जिम्मेदार वक्तव्य के चलते न केवल राजनीति में, बल्कि समाज की समुचित एकता को बहुत बड़ा आघात पहुंचता है। पूरे समाज की भावना आहत होती है। ऐसे नेता जो सार्वजनिक जीवन में एक अच्छी और बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं, उनको किसी भी हाल में ऐसे वक्तव्य को देने से परहेज करना चाहिए और उन्हें यह सोचना चाहिए कि स्वयं को लाइमलाइट में लाने के लिए जिस प्रकार की मनगढ़ंत बातें वे कर रहे हैं, उससे संभव है कि देश की अनपढ़ एवं अनगढ़ जनता उनके झांसे में आ जाए। इसी प्रकार भांति भांति की घटनाओं पर पक्ष और विपक्ष के नेताओं के जिस प्रकार के शत्रुतापूर्ण बयान मीडिया के द्वारा जनता के सामने आते हैं, उससे जनता भी हैरान और परेशान होती है और साथ ही बहुत सारे सुचिंतित लोग इस विषय पर चिंतित हो जाते हैं। ओवरऑल इससे समूची सामाजिकता को जिस प्रकार का आघात पहुंचता है, वह अंततः किसी भी समाज या किसी भी देश की सेहत के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



राजीव थेपड़ा
रांची, झारखंड

# दुःखों से ऊपर उठना



बोधि वृक्ष

**मनुष्य ने छद्म-आत्मा अथवा अहंकार से गलत ढंग से अपना तादात्म्य कर लिया है। जब वह तादात्म्य के अपने भाव को अपने सच्चे स्वरूप अर्थात अविनाशी आत्मा में स्थानांतरित कर लेता है तो वह पाता है कि सब पीड़ा अवास्तविक है।**

इस दुःस्वप्न से बच निकलने का एक मात्र तरीका परमात्मा से अधिक चिपके रहना और इस संसार की स्वप्न वस्तुओं में कम आसक्त होना है। ईश्वर की योजना में निर्दयता नहीं है, क्योंकि उनकी दृष्टि में कुछ भी बुरा या भला नहीं है- केवल प्रकाश और छाया के चित्र हैं। ईश्वर चाहते थे कि हम भी जीवन के द्वन्द्वात्मक दृश्यों को उसी तरह देखें जैसे कि वे स्वयं देखते हैं- इस अद्भुत जागतिक लीला के नित्य आनन्दित साक्षी। मनुष्य ने छद्म-आत्मा अथवा अहंकार से गलत ढंग से अपना तादात्म्य कर लिया है। जब वह तादात्म्य के अपने भाव को अपने सच्चे स्वरूप अर्थात अविनाशी आत्मा में स्थानान्तरित कर लेता है तो वह पाता है कि सब पीड़ा अवास्तविक है। वह अब पीड़ा की अवस्था की कल्पना भी नहीं कर सकता। मनुष्य की अधिचेतना ईश्वर की बनी है तथा पीड़ा से सुरक्षित रखती है। सभी शारीरिक एवं मानसिक पीड़ाएँ एकात्मता, कल्पना और मानव की सोचने की गलत आदतों से आती हैं। आप और भी अधिक मानसिक शक्ति रखें। ऐसी मानसिक शक्ति को विकसित करें कि चाहे कुछ भी हो, आप जीवन की किसी भी स्थिति का साहसपूर्वक सामना करते हुए अविचलित रहें। यदि आप ईश्वर से प्रेम करते हैं तो आपको विश्वास रखना चाहिए और जब परीक्षण आएँ तो उन्हें सहन करने के लिए तैयार रहना चाहिए। दुःख से भयभीत न हों। अपने मन को सकारात्मक एवं शक्तिशाली बनाए रखें। आपका आन्तरिक अनुभव ही सबसे महत्त्वपूर्ण है। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

फेसबुक वॉल से




X से




आपकी बात

# 'इंडिया' कॉलम का उद्देश्यपूर्ण लेखन जारी रहे

राष्ट्रीय नवीन मेल' द्वारा हर रविवार को 'साहित्यिकी' परिशिष्ट प्रारंभ किए जाने पर प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है। आज सुबह मैं 'राष्ट्रीय नवीन मेल' की एक प्रति रतन वर्मा को भेंट की। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' का आज अंक देखकर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। आगे उन्होंने कहा कि अब झारखंड से भी राष्ट्रीय स्तर के अखबारों के प्रकाशन हो रहे है। यह इस प्रांत के लिए बड़ी अच्छी बात है। जब झारखंड से पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था ,तब सीमित संसाधनों के बीच यहां के पत्रकारों और संपादकों को काम करना पड़ता था। इसके बावजूद झारखंड के अखबार बड़ी से बड़ी घटनाओं की खबर अखबारों में छापते रहें। झारखंड के पाठक देश की कोई भी राजनीतिक खबरें व देश-विदेश की खबरों से वंचित न रह जाएं, उन तक सूचनाओं को जल्द से जल्द पहुंचाते रह रहें हैं। झारखंड के पत्रकार, पत्रकारिता के प्रति सदा कृत संकल्पित और निष्ठावान बने रहे हैं। आज इसी का प्रतिफल है कि झारखंड से राष्ट्रीय स्तर के कई अखबार प्रकाशित हो रहे हैं।

यह कहते हुए गौरव महसूस होता करता हूं कि झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार देश के विभिन्न हिंदी प्रदेशों में बहुत ही चाव के साथ पढ़े जा रहे हैं। चूंकि इंटरनेट और डिजिटल का युग है। झारखंड से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी हिंदी दैनिक पर इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। आज करोड़ों की संख्या में झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार इंटरनेट पर पढ़े जा रहे हैं। यह भी जानकारी मिली है कि विदेशों में भी झारखंड से प्रकाशित होने वाले? अखबार को बहुत ही चाव के साथ पढ़े जा रहे हैं। आज 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के मुख्य पृष्ठ पर एक लीड आलेख वरिष्ठ पत्रकार व कार्यकारी संपादक सुनील बादल का छपा हुआ है। इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहता हूं कि आज देश विदेश से प्रकाशित होने वाले चाहे जिस भी भाषा के अखबार हों, नकारात्मक खबरों से भरी रहती हैं। ऐसे में 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण के जीवन और उनके उपदेशों पर बहुत ही सारगर्भित 'प्रबंधन गुरु श्री कृष्ण से आज के नेताओं को सीख लेनी चाहिए' शीर्षक से एक बहुत ही सकारात्मक आलेख को प्रकाशित किया है। इस प्रसंग में यह कहना चाहता हूं कि लोग जैसा साहित्य पढ़ते हैं, उस अनुरूप उनके में बदलाव देखने को मिलते हैं। आज नकारात्मक खबरों के पढ़ते रहने के कारण व्यक्ति का मन अशांत हो जाता है। इस कारण लोगों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा और हिंसात्मक प्रवृत्तियां बढ़ जाती ती है। जाने माने मनोवैज्ञानिकों का कथन है कि लगातार ऐसी नकारात्मक खबरों के पढ़ते रहने से लोग चिंता और अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं। इस बदली परिस्थिति में 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने भगवान कृष्ण के जन्मदिन पर अखबार के मुख्य पृष्ठ पर उनके उपदेशों को लेकर जिन बातों को उठाया है। मैं समझता हूं कि समाज पर इन बालों का बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। आलेख में सुनील बादल ने दर्ज किया है कि कृष्ण जिन्हें सर्वज्ञ कहा जाता था, दूसरों के साथ अपने विचार बेहद सरलता से साझा करने में कभी हिचकते नहीं थे। आज की बदली परिस्थिति में लोग मन की बात मन में ही रख लेते हैं। लोग अपने फायदे और जरूरत के हिसाब से अपनी बातों को रखते हैं। ऐसा करने से व्यक्ति नैतिक रूप से कमजोर हो टूटता चला जाता है। इसके साथ ही व्यक्ति अवसाद में भी पंहुच जाता है। मन की बात खुलकर दूसरों के साथ शेयर करने से मन हल्का हो जाता है। इसके साथ ही समाधान की दिशा में कोई न कोई नई राह सुझाव के रूप में जरूर मिल जाता है। उन्होंने श्री कृष्ण को एक प्रबंधन गुरु के रूप में परिभाषित किया है। आज के नेताओं को श्री कृष्ण के उपदेशों से सीख लेने की जरूरत है। श्री कृष्णा के उपदेश सच्चे अर्थों में समाज को बदल सकता है। वनिस्पत कि हम सब उनके उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने दर्ज किया है कि कृष्ण ने अपनी वाणी और कौशल से कई बार पांडवों को प्रेरित किया। वाणी बहुत ही मूल्यवान होती है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी वाणी में मधुरता रखनी चाहिए।



विजय केशरी
कथाकार/स्तंभकार, हजारीबाग




स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मथुरा के चंद्रोदय मंदिर में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

एजेंसी। मथुरा

भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर में लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के 5251वें प्राकट्योत्सव को बडे. ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान भक्तों ने मंदिर प्रांगण में भव्य फूल बंगला, झूलन उत्सव, छप्पन भोग, लड्डू गोपाल अभिषेक, भजन संध्या, महाभिषेक एवं हरिनाम संकीर्तन का वृहद आयोजन किया। भक्तों को संबोधित करते हुए मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास ने कहा कि वृन्दावन धाम सभी श्रीकृष्ण भक्तों के लिए अति महत्वपूर्ण स्थान है। भगवान श्रीकृष्ण हम सब के आराध्य हैं। चैतन्य महाप्रभु ने कहा है कि जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण पूज्यनीय हैं, उसी प्रकार भक्तों के लिए वृन्दावन धाम भी पूज्यनीय है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान स्वयं के विषय में एवं श्रीमद्भागवत में बडे़-बड़े ऋषि हमें भगवान के विषय में अवगत कराते हैं। शास्त्रों से हमें ज्ञात होता है कि भगवान श्रीकृष्ण ही हमारे पालनकर्ता हैं। हमें उनकी इस कृपा के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का दृष्टांत देते हुए कहा कि भगवान से बड़ा कोई सत्य नहीं है। यदि हम भगवान का साक्षात्कार करना चाहते हैं तो उसके लिए हमें ज्ञान चक्षु की आवश्यकता होगी और यह हमें शास्त्रों के अध्ययन से प्राप्त होता है। आज हम उसी परमतत्व के 5251वें अवतरण उत्सव को मनाने के लिए एक साथ चंद्रोदय मंदिर के इस दिव्य भव्य एवं विशाल प्रांगण में एकत्रित हुए हैं। चंद्रोदय मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के महाभिषेक की प्रक्रिया को वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पंचगव्य दूध, दही, घी, शहद, मिश्री एवं 108 प्रकार के फलों के रस, विभिन्न जड़ी बूटियों एवं फूलों से संपन्न कराया गया। मंदिर के भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण को विभिन्न प्रकार के पुष्पों का चयन कर बड़े ही मनोहर रूप से सजाया गया। वहीं ठाकुर श्रीश्री राधावृन्दावन चंद्र को सात रंगों से युक्त रेशम एवं चांदी से कढ़ाई किए हुए वस्त्र धारण कराए गए। मध्यरात्रि के 12 बजे श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब भगवान के नाम के जयकारों से पूरा चंद्रोदय मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।



▸ भगवान के नाम और धाम में कोई भेद नहीं: चंचलापति

# मथुरा में नामी पहलवान की भरी पंचायत में गोली मारकर हत्या


एजेंसी। मथुरा



शहर के नामी पहलवान अमोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई. हैरान करने वाली बात यह है कि हत्या की ये पूरी वारदात एक भरी पंचायत में हुई, जिसमें करीब 100 से ज्यादा लोग इकट्ठा थे. अमोल पहलवान की हत्या के बाद लोग आक्रोशित हो गए और शव को नेशनल हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस हल्का बल प्रयोग कर किसी तरह से जाम को खुलवाया. वहीं पुलिस ने आरोपी कृष्णा को भी गिरफ्तार कर लिया। अमोल पहलवान की हत्या की यह पूरी वारदात शेरगढ़ थाना क्षेत्र के पैगाम गांव में घटी. शुक्रवार को पुरानी रंजिश को लेकर गांव में ही एक पंचायत हो रही थी. इसी पंचायत में नामी अमोल पहलवान भी आया हुआ था. देखते ही देखते पंचायत में गरमा-गरमी का माहौल बन गया और कृष्णा नाम के युवक ने अमोल पहलवान को गोली मार दी. मौके पर अमोल की मौत हो गई. अमोल की हत्या के बाद लोग आक्रोशित हो गए और शव को नेशनल हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अमोल के परिजनों और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग समझने को तैयार नहीं हुए. ररढ के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव को हाईवे से हटाया।

# मायावती एक बार फिर चुनी गईं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

## पार्टी कार्यकारिणी बैठक में लिया गया फैसला



एजेंसी। लखनऊ

मायावती मंगलवार को एक बार फिर से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनी गईं। यह घटनाक्रम उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री के इस दावे के एक दिन बाद आया है कि वह सक्रिय राजनीति से संन्यास नहीं लेने जा रही हैं। उन्होंने कहा था कि मैं सक्रिय राजनीति से संन्यास नहीं ले रही हूं और 'जातिवादी मीडिया' मेरे खिलाफ ऐसी फर्जी खबरें फैला रहा है। 68 वर्षीय बसपा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के चार बार पूर्व मुख्यमंत्री हैं।

बसपा ने अपने बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की कार्यकारिणी की मंगलवार को लखनऊ में आयोजित बैठक में एक बार फिर सर्वसम्मति से बसपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 27 अगस्त को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में होने वाली बैठक को लेकर मीडिया में यह अटकलें लगायी जा रहीं थी कि मायावती अपने भतीजे आकाश आनन्द का कद बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा उनके संन्यास लेने की भी अटकलें थीं। मायावती ने यह भी कहा पहले भी मुझे राष्ट्रपति बनाए जाने की अफवाह उड़ाई गयी, जबकि कांशीराम जी ने ऐसी ही पेशकश को यह कहकर ठुकरा दिया था कि राष्ट्रपति बनने का मतलब है सक्रिय राजनीति से सन्यास लेना जो पार्टी हित में उन्हें गवारा नहीं था।

**बसपा प्रमुख ने सोमवार को एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर कहा बहुजनों के अम्बेडकरवादी कारवां को कमजोर करने की विरोधियों की साजिशों को विफल करने और बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं कांशीराम जी की तरह ही मेरी जिन्दगी की आखिरी सांस तक बसपा के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान आंदोलन को समर्पित रहने का फैसला अटल है। उन्होंने अगली पोस्ट में कहा अर्थात सक्रिय राजनीति से मेरा संन्यास लेने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। जबसे पार्टी ने आकाश आनन्द को मेरे ना रहने पर या अस्वस्थता की स्थिति में बसपा के उत्तराधिकारी के रूप में आगे किया है तबसे जातिवादी मीडिया ऐसी फर्जी खबर प्रचारित कर रहा है जिससे लोग सावधान रहें।**

### बिहार में चोरी के आरोप में युवक के प्राइवेट पार्ट में डाला मिर्च

**अररिया (बिहार)।** बिहार के अररिया जिले के नगर थाना क्षेत्र से एक अमानवीय कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नगर थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक युवक को चोरी के आरोप में बंधक बना लिया और उसके हाथ बांधकर उसके साथ बेरहमी की। उसके प्राइवेट पार्ट में मिर्च डाल कर उसके साथ अमानवीय कृत्य किया गया। इसका वीडियो भी वायरल हो गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोगों ने युवक को पकड़ कर रखा है और एक शख्स लाल मिर्च उसके प्राइवेट पार्ट में डाल रहा है। इतना ही नहीं वह लकड़ी के छोटे टुकड़े को उसके प्राइवेट पार्ट में भी डालता है। इस दौरान कुछ लोग उसे गाली भी दे रहे हैं। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इस पर जमकर राजनीति शुरू हो गई है। राजद ने इस वीडियो को अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, यह है नीतीश भाजपा का महागुंडाराज-महाजंगलराज! यह तालिबान से भी बदतर है। सीएम को होश-ओ-हवास नहीं है।

# कंगना देश के किसानों से मांगें माफी भाजपा पार्टी से निकाले : अजय राय

एजेंसी। वाराणसी



भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसान आंदोलन और बांग्लादेश की घटना वाले बयान पर हंगामा मचा हुआ है। कांग्रेस इस बयान को लेकर हमलावर है। कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कंगना को भाजपा से तुरंत निष्कासित करना चाहिए।

अजय राय ने कहा कि कंगना रनौत ने बहुत ही गिरा हुआ बयान दिया है। उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाया, जो बेहद शर्मनाक है। कंगना रनौत को पूरे देश के किसानों से माफी मांगनी चाहिए और भाजपा को उन्हें तुरंत पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत कमल के फूल पर लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं, इसलिए उनका बयान पार्टी से अलग कैसे हो सकता है ? पत्र जारी करने से कुछ नहीं होगा। भाजपा को तुरंत कंगना रनौत के ऊपर कार्रवाई करते हुए पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। अगर भाजपा ऐसा नहीं करेगी तो आने वाले समय में देश का किसान उन्हें जवाब देगा। बता दें कि हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू में कहा था कि ''जो बांग्लादेश में हुआ है वो यहां (भारत में) होते हुए भी देर नहीं लगती अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व सशक्त नहीं होता। यहां पर जो किसान आंदोलन हुए, वहां पर लाशें लटकी थीं, वहां रेप हो रहे थे। किसानों की बड़ी लंबी प्लानिंग थी, जैसे बांग्लादेश में हुआ। चीन, अमेरिका जैसी विदेशी शक्तियां यहां काम कर रही थी।वहीं भाजपा ने कंगना रनौत के इस बयान से खुद को अलग कर लिया।

# अनुच्छेद 370 पर संसद में हुई बहस के बाद विवाद ठीक नहीं : नीरज कुमार

**पटना।** उमर अब्दुल्ला के जम्मू एवं कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू करने में कांग्रेस के साथ वाले बयान पर पलटवार करते हुए जदयू नेता नीरज कुमार ने कहा कि आर्टिकल 370 के मुद्दे पर संसद में गंभीर और सार्थक बहस हो चुकी है, और अब इस पर राजनीतिक विवाद उत्पन्न करना उचित नहीं है। नीरज कुमार ने कहा कि जम्मू और कश्मीर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है और इसे राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और यह देश की बहुआयामी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। पाकिस्तान को सामरिक दुश्मन मानते हुए, नीरज कुमार ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान से संवाद का रास्ता भारतीय विदेश नीति का हिस्सा है, और इस पर राजनीतिक एजेंडा नहीं चलना चाहिए।

### बिहार के अररिया में 15.90 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**अररिया।** जिले के बसमतिया थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त छापामारी में 15.90 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नेपाल के सुनसरी जिला के झुमका वार्ड संख्या 5 के रहने वाले 41 वर्षीय सुनील राय पिता स्वर्गीय राज बहादुर राय और 34 वर्षीय तुलसीराम चौधरी पिता करण चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों नेपाली नागरिकों से मादक पदार्थ और भारत से कनेक्शन को लेकर कड़ाई से पूछताछ की।जिसमे कई चौंकाने वाली जानकारी तस्करों के द्वारा पुलिस और एसएसबी के अधिकारी को दिए जाने की बात कही जा रही है।

# बिहार के मंत्री जमां खान ने कहा राजद के भ्रष्टाचार के कारण पुल गिरे



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं के साथ हुई बैठक पर बिहार सरकार के मंत्री जमां खान ने कहा कि नीतीश कुमार ने हर समाज हर वर्ग को बराबर लेकर चला है। बिहार में विकास नीतीश कुमार ने किया है कल एक बैठक हुई थी जो जमीन का मामला है, उसी को लेकर चर्चा हुआ है, कोई कष्ट नहीं होने देंगे, बिहार में जबसे कमान संभाला है विकास की बात करते है, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कहने पर ही कमेटी तैयार हुई। नीतीश कुमार लोकप्रिय नेता है, उनको बिहार को लेकर बहुत चिंता रहती है, बिहार के अंदर नुकसान नहीं होने देंगे, नीतीश कुमार दिल्ली भी बात कर रहे है, अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा, बिहार में भाईचारा है। जमा खान ने कहा कि बिहार में लगातार पुल गिरने का कारण राजद सरकार है। उन्होंने कहा कि राजद 50 फीसदी कमीशन लेती थी जिसके कारण भ्रष्टाचार होता था। इस पर मंत्री जमा खान ने कहा कि तेजस्वी और लालू पर बड़ा हमला, लालू फैमिली प्राइवेट कंपनी बनाकर बिहार को लूटना चाहता है। जमीन सर्वे पर मंत्री जमा खान नें कहा कि गड़बड़ करने वालों पर होगी कारवाई।

# 74 फीसदी बलात्कार के आरोपितों को नहीं मिलती है सजा : अभिषेक

**कोलकाता।** आरजी कर मुद्दे पर पूरे देश में हंगामा मचा हुआ है। युवा डॉक्टर के साथ हुए अपराध के लिए लोग सड़क पर उतरकर न्याय मांग रहे हैं। हालांकि, इस आंदोलन के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में एक के बाद एक नारकीय यौन हिंसा की घटनाएं हुई हैं। तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर ऐसी 24 यौन शोषण की खबरों का कोलाज पोस्ट किया। उन्होंने यह भी लिखा, पूरा देश रेप के लिए न्याय के लिए प्रदर्शन कर रहा है। हालांकि, यह कोलाज बताता है कि इस समय देश की स्थिति क्या है ? साथ ही उन्होंने सख्त बलात्कार विरोधी कानून की मांग की। दरअसल, नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल में एक युवा डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना घटी थी। तब से अब तक 19 दिन बीत चुके हैं। आंदोलन भले ही जारी हो। लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों में रेप की घटनाएं लगातार हो रही हैं। अभिषेक ने इस बारे में लिखा, "आर.जी. कर की घटना के बाद से 15 दिनों में महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और शारीरिक उत्पीड़न की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन दुष्कर्म विरोधी आंदोलन चल रहा है। इसके बाद उन्होंने सख्त दुष्कर्म विरोधी कानून लाने की मांग की।

# मथुरा में कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने से हुई फूड पॉइजनिंग

**मथुरा।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले 60 से अधिक लोग कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने के बाद कथित तौर पर भोजन विषाक्तता के शिकार हो गये और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुट्टू के आटे की आपूर्ति करने वाले दो दुकानदारों के यहां जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापा मारकर दुकानें सील कर दी हैं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले महिलाओं और बच्चों समेत 60 से अधिक लोगों की कुट्टू के आटे से बने पूड़ी और पकौड़े खाने के बाद विषाक्तता के कारण तबीयत बिगड़ गई।

**फ़ूड प्वॉयजनिंग होने की मिली शिकायत :** जानकारी के मुताबिक, इन लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने के बाद आगरा तथा मथुरा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की हालत स्थिर है स्वास्थ्य विभाग के त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पांस टीम) के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद ने बताया कि यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे की है, जब फरह थाना क्षेत्र के पांच-छह गांवों में 'फूड प्वॉयजनिंग' होने की शिकायत मिली। उन्होंने बताया ''सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें फरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं जिला अस्पताल की टीमें उन गांवों में पहुंची और मरीजों को पहले सीएचसी पर लाया गया।

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृष :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना है।

**तुला :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है।

**वृश्चिक :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

# फारूक और उमर अब्दुल्ला करते हैं पाकिस्तान परस्ती की बातें : मांझी

एजेंसी। गया



केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मंगलवार को कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि फारूक और उमर अब्दुल्ला पाकिस्तान परस्ती की बातें करते हैं। लेकिन, कांग्रेस ने उनके साथ गठबंधन किया है। गया में एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, फारूक और उमर अब्दुल्ला धारा 370 को वापस लाने का समर्थन करते हैं और पाकिस्तान के समर्थन में बयान देते हैं। वे एससी-एसटी आरक्षण का विरोध करते हैं। लेकिन, इसके बावजूद कांग्रेस ने उनके साथ अलायंस किया है। जाहिर है कि कांग्रेस का अलायंस उन्हीं मुद्दों पर हुआ होगा। हम लोग इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं। इसलिए मैंने एक्स पर एक पोस्ट किया था और कहा था कि कश्मीर में चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस, पाकिस्तान और हिजबुल के साथ भी हाथ मिला सकती है।ह्वउन्होंने झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन का जिक्र करते हुए कहा, वह झारखंड के तौर पर बहुत अच्छा काम कर रहे थे। लेकिन, त्यागपत्र देने से पहले उनसे बात की जाती और उन्हें फिर इस्तीफा देने के लिए कहा जाता। मगर ऐसा नहीं किया गया और उन्हें अपमानित करने का काम हुआ। मांझी ने कहा, चंपई सोरेन ने पहले ही साफ कर दिया था कि उनके पास तीन विकल्प हैं। इनमें से एक विकल्प उन्होंने चुना है, जिस तरीके से उन्हें अपमानित किया गया। इसके बाद उन्होंने सही फैसला लिया है। जीतन राम मांझी ने किसानों के लिए उठाए गए कदमों को लेकर मोदी सरकार की तारीफ की।

### मालगाड़ी और रेल इंजन के बीच हुई आमने-सामने टक्कर

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एनटीपीसी संयंत्र के अंदर सोमवार रात कोयला उतारकर वापस जा रही मालगाड़ी एक रेल इंजन से टकरा गयी। एनटीपीसी परियोजना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनटीपीसी परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने मंगलवार को बताया कि किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है तथा रेलवे ट्रैक की मरम्मत कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र में स्थित कोयला संयंत्र में सोमवार को कोयले की रैक आई थी और देर रात रैक खाली होने के बाद जब मालगाड़ी लौट रही थी।

# लूटपाट के लिए महिला की गला रेतकर हत्या

▸ घर जाते समय किया बदमाशों ने हमला

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर कुछ बदमाशों ने घर लौट रहे दंपती पर हमला कर उनसे मोबाइल फोन और 40 हजार रुपये लूट लिए। जब उन्होंने विरोध किया तो बदमाशों ने महिला का गले रेतकर हत्या कर दी और पति पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पति किसी तरह वहां से भाग निकला और अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जानिए क्या है पूरा मामला :** यह पूरा मामला बदायूं के उझानी इलाके की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मानकपुर निवासी सरताज पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। वह दिल्ली से घर आ रहे थे। मंगलवार सुबह करीब चार बजे उझानी बस से उतरे और पैदल ही कच्चे रास्ते से गांव को चल दिए। बदमाशों ने उनसे मोबाइल और 40 हजार रुपये लूट लिए। दोनों पति पत्नी की बदमाशों से हाथापाई हो गई। पति किसी तरह उनके चंगुल से भाग निकला, लेकिन पति का गला रेतकर बदमाशों ने मौत के घाट उतार दिया।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस :** घायल सरताज किसी तरह अपने घर पहुंचा। दिल्ली के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। उसने पुलिस को बताया कि बदमाशों से हाथापाई के बाद घायल हो गया और अपने घर भाग गया। जबकि पत्नी निदा वहीं बदमाशों से उलझती रह गई।

# राज्य की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 10,332 पदों पर होगी बहाली : सुधांशु कुमार

एजेंसी। पटना



अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) सुधांशु कुमार ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि बिहार की यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए 10 हजार 332 पदों की स्वीकृति दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) सुधांशु कुमार ने कहा कि पूर्व से 12 जिलों में स्वीकृत यातायात बलों के अलावे प्रदेश के अन्य 28 जिलों में यातायात थानों के लिए 4,215 और हाइवे पेट्रोलिंग योजना के लिए कुल 1,560 यातायात बलों की स्वीकृति मिली है। बीपीआरएंडडी नॉर्म्स 2015 के अनुसार पटना जिले में 1,807 अतिरिक्त यातायात बलों की स्वीकृति मिली है। सुधांशु कुमार कहा कि बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर यातायात बलों की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न जिलों में यातायात बल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सिपाही भर्ती की परीक्षा संपन्न हो जाने के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वीकृत बलों की पूर्ती की जाएगी। सुधांशु कुमार ने कहा कि बिहार में नवंबर 2023 से यातायात नियमों के उल्लंघन पर मैनुअल चालान की प्रक्रिया को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। राज्य में 1,527 हैंड हेल्ड डिवाइस से यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप और साक्ष्य आधारित कार्रवाई के कारण चालान प्रक्रिया के दौरान मिलने वाली शिकायतों में काफी कमी आई है। साथ ही हैंड हेल्ड डिवाइस से कार्रवाई के कारण राजस्व में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई में वर्ष 2022 से वर्ष 2023 के बीच 116.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में जनवरी से जुलाई के बीच यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध लगभग 18 करोड़ 75 लाख की जुमार्ना राशि वसूली गई। इसकी तुलना में वर्ष 2024 में जनवरी से जुलाई के बीच नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई में 213 फीसदी की वृद्धि हुई है। बीते सात अगस्त से बिहार के सभी टोल प्लाजा पर ई-डिटेक्शन पोर्टल की हुई है शुरूआत सुधांशु कुमार ने कहा कि ट्रांसपोर्ट विभाग एवं एनआईसी के माध्यम से राज्य के सभी टोल प्लाजा पर बीते सात अगस्त 2024 से ई-डिटेक्शन पोर्टल की शुरूआत की गई है।

# कृष्ण लीला देखने जा रहे एक ही परिवार के चार लोगों को गाड़ी ने रौंदा



**पटना।** राजधानी पटना में फिर एक बार हाई स्पीड का कहर देखने को मिला है, जहां कृष्ण लीला देखने जा रहे लगभग 12 लोगों को एक तेज रफ्तार सफारी गाड़ी ने रौंद दिया। इस दुर्घटना में पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। वहीं इन लोगों को कुचलने के बाद गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई जिसके बाद गाड़ी भी पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। एक ही परिवार के चार लोगों को रौंदाः वहीं दो बच्चे भी इस दुर्घटना में जख्मी हुए हैं। एक बच्चे की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। वहीं पुलिस को शक है कि गाड़ी किसी डॉक्टर की है क्योंकि सीट पर ऑपरेशन के दौरान पहनने वाले कपड़े मिले हैं। वहीं सभी घायलों का इलाज चल रहा है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कृष्णलीला देखने जा रहे थे सभीः सोमवार को देश में कृष्णाष्टमी की धूम थी और जगह-जगह कृष्ण लीला का आयोजन किया गया था। उसी कड़ी में लगभग रात 11:30 बजे के करीब एक परिवार के लोग जन्माष्टमी पर होने वाली कृष्णलीला देखने जा रहे थे। इस दौरान अगमकुआं से राजेंद्र नगर टर्मिनल की ओर जा रही एक गाड़ी ने कांति फैक्ट्री फ्लाईओवर ब्रिज के पास रोड क्रॉस करने के दौरान इस बड़े हादसा को अंजाम दिया है। घायलों में तीन बच्चे शामिलः वहीं घायल में एक ही परिवार के चार लोग बताए जा रहे हैं, जिसमें सास बहू और दो बच्चियां शामिल हैं।

## एक नजर

### डीसी ने की जिला अनुकंपा समिति की बैठक



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा सामान्य के आश्रितों के कुल 11 अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा सामान्य के आश्रितों के अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद 11 में से 10 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्थापना उप समाहर्ता उदय कुमार, व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### श्याम बने जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल



**हुसैनाबाद।** पलामू प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर में नये प्रभारी उप डाकपाल के पद पर श्याम कुमार ने योगदान किया। इस मौके पर उन्होंने बताया की डाकघर में ग्राहकों की समस्याओं को बारी बारी से निदान किया जायेगा। उनके योगदान पर अरविन्द कुमार ओझा, अभिषेक प्रभाकर, पप्पू प्रसाद, संतोष टुड्डू, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, राकेश तिवारी, रविकांत सिंह, संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर, रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, राजकुमार, ज्योति प्रसाद, अभिषेक कुमार, सोमनाथ प्रसाद भगवान राम सहित सभी डाककर्मी व अभिकर्ताओ ने बधाई दिया है।

### घर से बाहर कमाने गए युवा की हादसे में मौत



**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के करवा पहाड़ गांव निवासी अजमेरउद्दीन अंसारी पिता इशहाक अंसारी 25 वर्षीय मुंबई कमाने गया था ट्रेन से गिरने पर उसकी मृत्यु हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार अजमेरउद्दीन अंसारी पिछले सप्ताह रविवार को मुंबई कमाने गया था जहां उसे सर्दी खांसी बुखार हो गया घर वाले उसे घर आने की सलाह दिए रविवार को वह ट्रेन से मुंबई से अपने घर के लिए चल दिया मध्य प्रदेश के इटारसी स्टेशन में वह ट्रेन से नीचे गिर कर कट गया और वही उसकी मृत्यु हो गई रेलवे पुलिस बल के जवान मोबाइल निकाल कर मोबाइल में सेभ नंबर से घर वाले को सूचना दी ऐसी दर्दनाक खबर फैलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया घर के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# ग्रामीणों ने विधायक से किया सड़क निर्माण कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कुलहीया गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से यादव टोला होते हुए फुलवरिया वीर कुंवर स्थान तक दो किलोमीटर ग्रामीण सड़क काफी दिनों से बदहाल स्थिति में है। कीचड़ और गढ्ढो से भरी इस सड़क से गुजरा स्थानीय लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को रास्ते में भरे कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। पिछले 5 वर्षों से इस सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बावजूद इसके जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस ओर ध्यान नहीं गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह को भी ग्रामीणों के आवेदन देकर सड़क निर्माण कराने की मांग की, परंतु परिणाम शून्य निकला। ग्रामीणों ने बताया कि उग्रवाद प्रभावित कुलहीया में सड़क सहित कई मूलभूत सुविधाओं से लोग वंचित हैं। ग्रामीण दीपक कुमार ने बताया कि सड़क बदहाल होने से विद्यार्थियों को स्कूल जाने, मरीजों को अस्पताल ले जाने और ग्रामीणों को हरिहरगंज स्थित बाजार और प्रखंड सह अंचल कार्यालय जाने व आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एक बार पुनः क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह का ध्यानाकृष्ट कराते हुए बदहाल सड़क के निर्माण कराने की मांग की। मांग करने वालों में दीपक कुमार यादव, ललेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, विजय यादव, अकलेश भुईयां, सरिता देवी वार्ड सदस्य, जिम्मेदार भुईयां, वृंद भुईयां, हरि भुईयां, सोनू यादव, धीरेंद्र यादव, जीतबहन यादव, प्रमोद यादव, बीरेंद्र यादव आदि कई लोगों का नाम शामिल है।





# हमारी जायज मांगे माने सरकार, नहीं तो करेंगे आत्मदाह : कर्मचारी संघ




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पिछले 38 दिनों से अपनी मांगों को लेकर झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ आंदोलनरत है पर अभी तक सरकार के तरफ से कोई साकारात्मक जवाब नहीं मिलने से काफी आक्रोशित नजर आ रहे है। हड़ताल के 36वें दिन लातेहार जिला इकाई के जिलाध्यक्ष मेराजुल हक ने कहा की हम शांतिपूर्ण तरीके से पिछले 38 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं पर राज्य सरकार के कानों में जुं तक नहीं रेंग रही है। हक ने कहा की जब तक हमारी मांग सरकार नहीं मान लेती तब तक हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बने रहेंगे और अपनी जायज मांग के लिए अगर जरूरत पड़ी तो आत्मदाह भी करेंगे। आज धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा की राज्य सरकार हमारे धैर्य की परीक्षा लेने बंद करे वहीं जिला महासचिव ने कहा की राज्य सरकार का जब गठन हुआ था तब सरकार ने हमें आश्वासत किया था की जल्द ही आपको मानदेह और स्थायीकरण किया जाएगा। पर साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी आज तक उनके द्वारा दिए गए आश्वासन आश्वासन ही दिए जा रहा है। राज्य सरकार हमें छलने का कार्य कर रही है और हम सभी कर्मचारियों ने यह ठान लिया है की जब तक सरकार हमारी मांग नहीं मान लेती तब तक हम एक कदम भी पीछे नहीं हटेंगे। बल्कि और आंदोलन उग्र होगा। धरना स्थल पर मुख्य रूप से रतन कुमारी, केतन गुप्ता, सुमन कुमारी, आरती कुमारी, नाइम खा, संतोष कुमार, राजन प्रसाद, चंदन कुमार, सुरेश उराव, धंदेव सिंह, अनिल कुमार, कौशल कुमार, विशाल कुमार, उमा शंकर गुप्ता, असगर अंसारी,प्रामेश्र्व सिंह, सुरेंद्र राम, अख्तर अंसारी, कैलाश सिंह, ताहिर अंसारी सहित दर्जनों मनरेगा कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं।

# पलामू के 5 विस क्षेत्रों के लिए 17 लाख 12 हजार 20 मतदाता

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया। 17 लाख 12 हजार 20 वोटर हैं। इस वर्ष जेंडर रेसियो बढ़ा है। महिला वोटरों की संख्या 8 लाख 83 हजार 10 है, वहीं पुरूष वोटरों की संख्या 8 लाख 29 हजार 8 है। लोकसभा चुनाव के समय कुल वोटरों की संख्या 17 लाख 15 हजार 83 थी। थर्ड जेंडर वोटर दो हैं। फाइनल इलेक्ट्रोल रोल के अनुसार 939 है। इससे पहले 933 था। इलेक्शन, पॉपुलेशन रेसियो 652 है। पूर्व में 653 था। मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने नाम मतदाता सूची में जांचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सुरक्षाकर्मियों की संख्या अधिक रहने के कारण बूथ शिफ्टिंग की कार्रवाई नहीं के बराबर होती है। लोस चुनाव में शिफ्ट किए गए 9 में से दो बूथों पर वोटिंग नहीं हुई थी।

डीइओ ने बताया कि पीडब्लूडीएस वोटरों की संख्या 36 हजार 442 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 20 हजार 78 एवं महिलाओं की संख्या 16 हजार 364 है। 25 जुलाई से 27 अगस्त के बीच निबंधन, विलोपन एवं सुधार से संबंधित कई प्रतिवेदन आए, जिसमें नवनिबंधित मतदाताओं की संख्या 15 हजार 238 है, जिसमें महिलाओं की संख्या 11 हजार 531 है, जबकि पुरूषों की संख्या 3 हजार 707 है। निबंधित 18-19 आयु वर्ग के मतदाओं की संख्या 2 हजार 612 है, जिसमें महिलाओं की संख्या 1 हजार 680 एवं पुरूषों की संख्या 932 है। विलोपित मतदाताओं की संख्या 6 हजार 412 है। विलोपन का कारण मौत, स्थायी तौर पर दूसरी जगह चले जाना, रिपिटेडेट एवं अन्य कारण हैं। 991 की मौत हुई है, 3 हजार 741 दूसरी जगह चले गए हैं। 810 का नाम रिपिट हुआ है और 870 अन्य कारणों से मतदाता सूची से नाम विलोपित किया गया है। प्रपत्र 8 के तहत 16 हजार 174 का सुधार हुआ है।

**जेंडर रेसियो बढ़ा**



### 20 बीएलओ को पहनाया गया पहचान पत्र

डीइओ ने बताया कि सभी बीएलओ को सम्मान देने के उद्देश्य से सैलूट टू बीएलओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर सभी विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को मंत्रीमंडल (निर्वाचन) विभाग रांची के स्तर से बीएलओ पहचान पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। आज 20 बीएलओ को पहचान पत्र पहनाया गया। सारे बीएलओ कार्यों का संपादन के दौरान पहने रहेंगे। बीएलओ उत्साहवर्द्धन के लिए विभाग के स्तर से अन्य निर्णय लिए जा रहे हैं।

### झारखंड इलेक्शन क्विज प्रारंभ

मतदाता जागरूकता हेतू स्वीप के तहत 16 अगस्त से झारखंड इलेक्शन क्विज 2024 प्रारंभ किया गया है। ऑनलाइन क्विज 29 सितंबर को होगी। ऑफलाइन क्विज (चयनित उम्मीदवार) के लिए 5 अक्टूबर को रांची में होगी। फर्स्ट प्राइज 50 हजार रूपए निर्धारित किया गया है, जबकि सेकंड प्राइज 30 हजार एवं थर्ड प्राइज 20 हजार रूपए दिए जायेंगे। प्रत्येक जिला से एक टॉपर को 10 हजार रूपए मिलेंगे।

### झामुमो पंचायत कमिटी का गठन अजित बने अध्यक्ष

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के मझिगावां पंचायत में झामुमो की पंचायत कमिटी का गठन मंगलवार को संपन्न हुआ। इस बैठक में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता झामुमो नेता हिफाजत अंसारी के द्वारा की गई, जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान, पंचायत स्तर पर संगठन के विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान हेतु कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिससे सर्वसम्मति से पंचायत के अध्यक्ष अजित यादव,युवा अध्यक्ष छोटन प्रजापति, महिला मोर्चा के अध्यक्ष मायावती देवी सचिव रेखा देवी को बनाया गया।कमिटी गठन के माध्यम से पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पकड़ को और मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकताओं को एकजुट रहने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। झामुमों का यह कदम आगामी चुनावों के मद्देनजर अहम माना जा रहा है, क्योंकि पार्टी राज्य में अपनी पकड़ को और मजबूत करना चाहती है।

# डंडई में धूमधाम से मनायी गयी कृष्ण जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ सोमवार रात्रि भगवान श्री कृष्णा का जन्मोत्सव मनाया गया।उक्त अवसर पर एक दीनो का निर्जला उपवास रख भक्तों के द्वारा सोमवार मध्य रात्रि डंडाई के श्री राम जानकी मंदिर में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया । वहीं गांव के सामाजिक संस्था द न्यू स्टूडेंट क्लब की ओर से मंदिर को जहां व्यापक रूप में सजाया गया वहीं कीर्तन मंडली के साथ-साथ श्रद्धालु और गांव के आम अवाम को बैठने के लिए तरह-तरह का उपबंध भी किया गया ।इससे पहले संस्था के बुलावे पर मंदिर परिसर में पहुंचे कीर्तन मंडलियों के द्वारा एक से बढ़कर एक वीर रस में भगवान श्री कृष्णा के जन्मोत्सव का गीत गाया गया । कार्यक्रम में व्यास रमाकांत मेहता व आशीष कुमार राणा इत्यादि लोगों ने अपनी अपनी कला प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया । वही भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बनाने मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं के द्वारा भी बहुत ही शांति प्रिए ढंग से व्यासों के द्वारा गाए गए गीत व भजनों को सुना गया और लोगों के द्वारा उसका आनंद भी लिया गया। मौके पर संस्था के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी पिछले कई वर्षों से जन्माष्टमी के दीन भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव के कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में कई तरह का व्यवस्था करते आ रहे हैं ।इस वर्ष भी उनकी असीम अनुकंपा के बदौलत हम सभी संस्था के सदस्यों ने मिलजुल कर उनके जन्मोत्सव कार्यक्रम में कीर्तन भजन करने का काम किया । साथ ही श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में पूजा करने में किसी भी तरह का दिक्कत न हो उसका भी ख्याल रखते हुए पानी से बचाव के लिए ऊपर से टेंट और उसके नीचे उन्हें बैठने के लिए चटाई,दरी की भी व्यवस्था करने का काम किए।



# झारखंड में 'मंईयां सम्मान योजना' से ग्रामीण महिलाओं में उत्साह

## गरीब परिवारों को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई 'मंईयां सम्मान योजना' ने राज्य के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगा दी है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का वादा किया गया था। सरकार ने अपने इस वादे को निभाते हुए प्रथम किस्त के रूप में महिलाओं के बैंक खातों में एक-एक हजार रुपये जमा कर दिए हैं। इस योजना से विशेष रूप से गरीब और पिछड़े वर्ग की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आर्थिक सहायता से उनका जीवन यापन आसान हो जाएगा। कई महिलाओं ने इस योजना को उनके परिवार के लिए 'जीवनदान' बताया है और कहा कि यह योजना वास्तव में उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। सुदूर ग्रामीण इलाकों की महिलाएं, जिनके लिए रोजगार के अवसर सीमित हैं, इस राशि को अपने दैनिक खर्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा मान रही हैं। महिलाओं का कहना है कि इस योजना से उन्हें बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घर के अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। महिलाओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें 2024 के विधानसभा चुनावों में भारी मतों से जीताने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 'मंईयां सम्मान योजना' से न केवल उन्हें आर्थिक मदद मिली है, बल्कि उनके जीवन में आत्मसम्मान और सुरक्षा का भाव भी जागा है। योजना का लाभ राज्य के आदिवासी और मूलवासी दोनों ही समुदायों की महिलाओं को मिल रहा है, जिससे इन समुदायों में सरकार के प्रति विश्वास और समर्थन बढ़ा है। सरकार की इस पहल को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाएं राज्य के विकास में अहम भूमिका निभा सकती हैं, खासकर तब जब यह आर्थिक मदद सीधे महिलाओं के हाथ में पहुंच रही हो। इस योजना से न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनका सामाजिक दर्जा भी सुधरेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस योजना को लेकर राज्य में एक नई चर्चा शुरू हो गई है कि अगर इसे इसी तरह प्रभावी ढंग से लागू किया जाता रहा, तो यह योजना झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है।




**NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY**
Medininagar, Palamu, Jharkhand- 822102

Tender No.: NPU/CCDC/04/2024 Date-24/08/2024

**TENDER NOTICE**

Nilamber Pitamber University, Palamu-822201, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced, reputed and registered agencies/firms/companies for "Supply of Manpower at Nilamber-Pitamber University headquarters, Medininagar, Palamu, Jharkhand and all its Constituent Colleges". The detailed information about the tender document can be obtained from the University website using the URL: https://npu.ac.in/ (w.e.f. 26/08/2024).

**Registrar**
**Nilamber-Pitamber University**
**Medininagar, Palamu**

**Memo No.- NPU/CCDC/08/2024 Date-24/08/2024**

**झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय**
**बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची**

**ई०-निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कारा का नाम | बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची। |
| 2 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार की खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०-निविदा का आमंत्रण। (चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.10.2024 से 31.12.2024 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-Refundable) स्वीकार की जायेगी। | ₹5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–11.09.2024 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 17.09.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 5 | निविदा online upload करने की तिथि। | तिथि–11.09.2024 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 17.09.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–18.09.2024 को पूर्वाहन्–10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/- से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–18.09.2024 को पूर्वाहन्–10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–19.09.2024 को पूर्वाहन्–11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, विधि–व्यवस्था की उपस्थिति में। |

1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट – http://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची

PR 333798 Prison (24-25)_D

## पेज एक के शेष

**झारखंड में फेल...**

जस्टिस एसके द्विवेदी के कोर्ट ने पुलिस के तीनों वरीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि जब हाई कोर्ट के सिटिंग जज मुख्यमंत्री आवास के समक्ष जाम में फंस रहे हैं, उन्हें निर्धारित स्थल पहुंचने में कई घंटे का समय लग रहा है, तो आम जनता की स्थिति क्या होगी यह समझा जा सकता है। जस्टिस ने कहा कि रांची में 23 अगस्त को हाई कोर्ट से वापस लौटने के दौरान सीएम आवास कांके रोड के समक्ष जाम के कारण उन्हें रुकना पड़ा। इस दौरान उनके पीएसओ ने ट्रैफिक एसपी समेत कई आला पुलिस अधिकारियों से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास कई बार किया, लेकिन दूसरी तरफ से किसी तरह का रिस्पांस नहीं आया। इस दौरान उन्होंने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से संपर्क किया, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी से बात की। डीजीपी के दिशा-निर्देश के बाद उन्हें जाम से निकाला गया। इस दौरान वे आधा घंटा से अधिक समय तक जाम में फंसे रहे थे। इससे पहले डीजीपी की ओर से कोर्ट से कहा गया कि दोबारा ऐसी घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कुछ चूक हुई है। कोर्ट ने उनसे कहा कि जब रांची शहर में धरना-प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम होते है, तो हजारों लोगों को राजधानी में प्रवेश के लिए कैसे अनुमति दी जाती है।

**जो आधी आबादी...**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में हमारी सरकार ने इस राज्य और यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान-मजदूर, बूढ़े- बुजुर्ग, महिला युवा समेत हर वर्ग-तबके के लिए जो कार्य किए हैं, उसने विकास का नया आयाम गढ़ा है। आज राज्य का कोई भी बूढ़ा बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किए गए हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। यहां के बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ें, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। बच्चियों की पढ़ाई आर्थिक तंगी से छूटे नहीं, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है। इसी तरह की अनेकों योजनाएं हैं जो राज्य वासियों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। 7.32 लाख बहन-बेटियों को मिली 73.29 करोड़ रुपये सम्मान राशि : मुख्यमंत्री ने आज संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 7 लाख 32 हजार 906 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 73 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया। इनमें दुमका की 01 लाख 58 हजार 724, देवघर जिले की 50 हजार 152, साहिबगंज जिले की 01 लाख 20 हजार 78, गोड्डा जिले की 0 1 लाख 58 हजार 289, पाकुड़ जिले की 01 लाख 20 हजार 110 और जामताड़ा जिले की 01 लाख 25 हजार 543 बहन-बेटियां शामिल हैं।

**बेटे के साथ...**

चंपाई सोरेन ने आगे के प्लान पर कहा कि कल (28 अगस्त) झारखंड जा रहे हैं। दूसरे सवाल पर कहा कि झारखंड में मैंने बहुत संघर्ष किया है। मेरा इतिहास आइने की तरह साफ है। इसलिए कोई कुछ भी कहे, उसका जवाब देना हम उचित नहीं समझते हैं, लेकिन हम भाजपा में शामिल होंगे। बाबूलाल मरांडी की नाराजगी पर चंपाई ने कहा कि हम उस बारे में कुछ भी नहीं कहेंगे। चंपाई सोरेन दिल्ली से लौटने के बाद हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से त्यागपत्र देंगे। चंपाई सोरेन रांची में एक बड़ी रैली कर भाजपा में शामिल होंगे। इस बीच, केंद्र सरकार ने चंपाई सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। दिल्ली से लौटते ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिल जाएगी। अब चंपाई सोरेन की सुरक्षा में 33 जवान तैनात रहेंगे। इससे पूर्व, सोमवार को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिंमता बिस्वा सरमा और चंपाई के बेटे बाबूलाल सोरेन भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद हिंमता विश्व सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी पुष्टि की थी।

**पीएलएफआई सुप्रीमो को...**

एटीएस ने कोर्ट में छह गवाह और कई साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर कोर्ट ने दिनेश गोप को दोषी करार दिया है। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने दिनेश गोप के खिलाफ वर्ष 2023 में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसकी कांड संख्या 02/2023 है। आईपीसी की धारा 385 और 17 (सीएलए) एक्ट के तहत दिनेश गोप को आरोपित करते हुए उस पर मुकदमा दर्ज किया गया था। फिलहाल, दिनेश गोप जेल में बंद है। उस पर हत्या, अपहरण, फिरौती और लेवी के 100 से ज्यादा गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**बसिया-सिसई सड़क...**

उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी। इसके बाद उग्रवादी सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे। छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी कैंप से भाग खड़े हुए। अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं। गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक की है। पुल का काम अधूरा है। उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 152/PR/ JUSNL/ 2024-25**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works :-

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132 KV, D/C transmission line for connecting 132/33 KV sub-station, Banhardi with 132/33 KV, GSS Chandwa at 132 KV level & reconductoring with HTLS conductor in 132 KV interconnection line between 400/220/132 GSS and 132/33 GSS at Latehar on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 9,46,67,747.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 18,93,400.00 On line mode |
| Completion Period | 09 (Nine) Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 29.08.2024 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 29.08.2024 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 19.09.2024 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 20.09.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (8987421011) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 333844 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## प्रधानमंत्री मोदी व पुतिन ने द्विपक्षीय संबंधों पर की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले माह 22वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस की अपनी सफल यात्रा को याद किया। दोनों नेताओं ने अनेक द्विपक्षीय मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की तथा भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## जयशंकर को भारत-ब्राजील आयोग बैठक में सकारात्मक चर्चा की आशा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वियरा का स्वागत किया और कहा कि वह अपने ब्राजीली समकक्ष के साथ सकारात्मक चर्चा की आशा करते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वियरा का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। 9वीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग बैठक में सकारात्मक चर्चा की आशा है। उल्लेखनीय है कि ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वियरा 28 अगस्त तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

## चीन ने जासूसी विमान भेजा जापान 2 मिनट तक हवा में मंडराता रहा

**टोक्यो।** जापान ने अपने हवाई क्षेत्र में चीन के एक जासूसी विमान के लगभग दो मिनट तक मंडराने की घटना को गंभीरता से लिया है। जापान ने कहा है कि यह अस्वीकार्य है। जापान ने चीन के कार्यवाहक राजदूत को तलब कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति जताई है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को चीन का वाई-9 टोही विमान कुछ समय के लिए हमारे देश के दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुस आया था।

### नबन्ना मार्च में बवाल, छात्रों पर लाठीचार्ज, वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले चले

# उग्र विरोध के बाद आज बंगाल बंद का आह्वान

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के विरोध में मंगलवार को हावड़ा में हजारों प्रदर्शनकारियों ने नबन्ना मार्च में हिस्सा लिया जिसे 'नबन्ना अभिजन' का नाम दिया गया है। हावड़ा जिले के मंदिरतला में नबन्ना का राज्य सचिवालय स्थित है, जहां से पश्चिम बंगाल सरकार चलती है। यहां मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों के कार्यालय मौजूद हैं। इस प्रदर्शन के दौरान पूरे हावड़ा शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह-जगह झड़प हुई हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नबन्ना जाने से रोकने के लिए बैरिकेड लगा दिए थे। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी दागे। पुलिस ने वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। इस बीच, कई प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी की। जब प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा बनाई गई सुरक्षा की दीवार पर कूद पड़े तो हावड़ा ब्रिज पर अव्यवस्था का माहौल पैदा हो गया। इस दौरान, कई पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों द्वारा फेंके गए पत्थर की चपेट में आकर चोटिल भी हो गए। इस बीच, रैपिड एक्शन फोर्स के एक जवान को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

इधर, कोलकाता रेप और हत्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने आज(बुधवार को) 12 घंटे के लिए पश्चिम बंगाल बंद का ऐलान किया है राज्य भाजपा प्रमुख सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को नबन्ना अभियान रैली के दौरान हुई हिंसा के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य में विरोध प्रदर्शन पर उनके इस्तीफे की मांग की। पार्टी ने सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है।

सूत्रों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने कोना एक्सप्रेस वे को ब्लॉक कर दिया। यह एक्सप्रेस वे कोलकाता को अन्य जिलों से जोड़ता है। दावा किया जा रहा है कि पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों को रोकने के लिए अकारण हमले का सहारा लिया।



*भाजपा ने सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे के बंद का किया है आह्वान*

*रैली के दौरान हुई हिंसा के लिए **टीएमसी** सरकार को जिम्मेदार ठहराया है*

## भाजपा ने ममता को बताया तानाशाह

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल की घटना की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए छात्रों के विरोध प्रदर्शन को दबाने पर भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी पर हमला करते हुए उन्हें तानाशाह बताया है। भाजपा ने कहा कि छात्र न्याय दिलाने की मांग को लेकर अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन ममता बनर्जी छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जिस तरह से ममता बनर्जी ने छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश की है, वह चिंताजनक और संविधान को तार-तार करने वाला है। यह स्पष्ट है कि अगर कहीं देश में तानाशाह है, तो वे ममता बनर्जी हैं।

## संदीप के खिलाफ ईडी भी करेगी जांच

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी उनके खिलाफ जांच शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, ईडी जल्द ही संदीप घोष के खिलाफ एक आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने जा रही है। यह कार्रवाई सीबीआई की एफआईआर के आधार पर की जा रही है। संदीप घोष को बहुत जल्द ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश होना पड़ सकता है। आरजी कर अस्पताल में एक युवती डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। इस मामले के बाद संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान हुए अन्य आर्थिक घोटालों की भी जानकारी सामने आई।

- पूरे हावड़ा शहर का माहौल तनावपूर्ण रहा पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह-जगह झड़पें हुईं, बैरिकेड तोड़ दिए गए
- प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी की, पुलिस की बनाई सुरक्षा की दीवार पर कूद पड़े, पत्थर भी फेंके गए
- कई पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों के पत्थर की चपेट में आकर चोटिल हो गए, एक जवान को अस्पताल में भर्ती करवाया गया

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** 12वीं साइंस के बाद कौन सा कोर्स सबसे अच्छा है, यह एक ऐसा प्रश्न है जो विज्ञान के कई छात्र 12वीं पास करने के बाद खुद से पूछते हैं। 12 वीं के बाद अपनी रुचियों का मूल्यांकन करना आवश्यक है क्योंकि यह आपको विशेष रूप से साइंस स्ट्रीम में सही विशेषज्ञता और करियर पथ चुनने में मदद करेगा।

# 12वीं साइंस के बाद अलग-अलग कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

**एमबीबीएस :** बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी डिग्री एक प्रोफेशनल बैचलर्स डिग्री है, जो छात्रों को चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार करने पर केंद्रित है। जैसा कि नाम से पता चलता है, दो अलग-अलग डिग्री हैं जो एक डिसिप्लिन में इंटीग्रेटेड होती हैं और व्यवहार में एक साथ प्रस्तुत की जाती हैं। इस कोर्स की अवधि 5.5 साल है और इसमें एक साल की इंटर्नशिप शामिल है। यह एक बैचलर्स मेडिकल प्रोग्राम है, जो छात्रों को डॉक्टर या सर्जन बनने के अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। यह कोर्स दुनिया भर के विश्वविद्यालयों द्वारा पेश किया जाता है, इस 5.5-वर्षीय डिग्री प्रोग्राम का अध्ययन करने के लिए, उम्मीदवारों को नीट प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है ।

**बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी :** एमबीबीएस के बाद बीडीएस सबसे अधिक मांग वाला डिग्री प्रोग्राम है। कोर्स की औसत अवधि लगभग 4.5 वर्ष है, जो एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में अलग हो सकती है।

**बीएससी नर्सिंग :** 12वीं साइंस के बाद हाई सैलरी कोर्सेज में बीएससी नर्सिंग भी शामिल है। दुनिया भर के कई संस्थानों द्वारा पेश किया जाने वाला यह कोर्स छात्रों को ऑपरेशन से पहले और बाद की देखभाल सहित रोगी की देखभाल करने की ट्रेनिंग देता है। यह कोर्स करने के बाद सालाना वेतन 29 लाख से 34 लाख के बीच रहता है।

**होम्योपैथी :** विज्ञान स्ट्रीम के छात्रों के लिए बीएचएमएस कोर्स को चुनना एक बढ़िया विकल्प है। होम्योपैथी एक मांग वाले क्षेत्र के रूप में उभर रहा है और 12 वीं विज्ञान के बाद हाई सैलरी कोर्सेज में से एक है। बीएचएमएस 5.5 साल का बैचलर डिग्री कोर्स है, कोर्स पूरा होने के बाद आप सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं।

**फार्मेसी :** फार्मेसी उन लोगों के लिए एक आदर्श क्षेत्र है जो इस अध्ययन की खोज में रुचि रखते हैं कि कैसे दवाएं बनाई जाती हैं। एक इंटरडिसिप्लिनरी फील्ड होने के नाते फार्मेसी में करियर चुनना भी एक बेहतरीन हाई सैलरी विकल्प है, जिस पर आप 12वीं साइंस के बाद विचार कर सकते हैं। फार्मेसी कोर्स के बाद वेतन प्रति वर्ष 3 लाख से 16 लाख तक हो सकता है।

**मनोविज्ञान :** आज के समय में लोग मानसिक स्वास्थ्य को उतना ही महत्व दे रहे हैं जितना कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने को महत्व दे रहे हैं। कई उम्मीदवारों ने मनोविज्ञान का अध्ययन करने में रुचि दिखाई है।

**फोरेंसिक साइंस :** फोरेंसिक साइंस भी 12वीं साइंस के बाद हाई सैलरी कोर्सेज में एक आकर्षक करियर विकल्प है। फोरेंसिक साइंस कोर्स के बाद, आप सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ रिसर्च संगठनों में कैरियर की तलाश कर सकते हैं।

### इंजीनियरिंग कोर्स



- केमिकल इंजीनियरिंग
- सिविल इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
- एयरोस्पेस इंजीनियरिंग
- औद्योगिक इंजीनियरिंग
- न्यूक्लिअर इंजीनियरिंग
- बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड बायोकैमिकल इंजीनियरिंग
- एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग
- एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग
- पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
- मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग
- मरीन इंजीनियरिंग

### भारतीय संस्थान

1. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
2. पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च
3. क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज
4. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान, बैंगलोर
5. संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान
6. अमृता विश्व विद्यापीठम
7. जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च
8. कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाली
9. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर
10. सभी आईआईटी
11. आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशाखापत्तनम
12. एनआईटी सुरथकल - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक
13. इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
14. सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
15. वेल्स विश्वविद्यालय - वेल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज
16. श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
17. शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुरी
18. इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
19. पार्क कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
20. समुंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मैरीटाइम स्टडीज, पुणे
21. जीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई

# 12वीं के बाद ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस कोर्स करके बनाएं करियर

12वीं के बाद आप चाहे तो ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस कोर्स भी कर सकते हैं जिसका विवरण कुछ इस प्रकार है -



**बैचलर ऑफ सोशल वर्क:** यह 3 साल का कोर्स होता है जो सोशल वर्क थियोरिज, सोशल डेवलपमेंट, कंसल्टेंसी और सोशल वैलनेस पर केंद्रित होता है। इसे करके सामाजिक सेवाओं और गैर लाभकारी संगठनों में करियर बनाया जा सकता है।

**बैचलर ऑफ आर्ट्स:** यह 3 साल का कोर्स है जो साहित्य, इतिहास, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, दर्शन और नृविज्ञान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान को कवर करता है।

**बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन:** 3 साल के इस अंडरग्रैजुएट कोर्स में जर्नलिज्म, मास मीडिया, एडवरटाइजिंग, पब्लिक रिलेशन और कम्युनिकेशन थ्योरी शामिल है।

**बैचलर ऑफ सोशल साइंसेज:** यह एक इंटर डिसीप्लिनरी कोर्स है जिसमें सोशियोलॉजी, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र जैसे सामाजिक विज्ञान विषयों को शामिल किया गया है।

**बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस:** यह 3 साल का बैचलर डिग्री प्रोग्राम है जिसमें लाइब्रेरी मैनेजमेंट, कैटालॉगिंग, इनफॉरमेशन साइंस और पुस्तकालय रिसर्च में ज्ञान और स्किल डेवलप की जा सकती है।

**बैचलर ऑफ सोशल साइंसेज इन इकोनॉमिक्स:** यह सामाजिक विज्ञान के ऊपर केंद्रित इकोनामिक प्रोग्राम है जहां माइक्रोइकोनॉमिक्स, मैक्रोइकोनॉमिक्स, अर्थमिती, विकास अर्थशास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र जैसे सब्जेक्ट शामिल है।

**बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स:** यह तीन या चार साल का बैचलर डिग्री प्रोग्राम होता है जिसमें दृश्य कला, प्रदर्शन कला और अनुप्रयुक्त कला का ज्ञान दिया जाता है। इसमें पेंटिंग, मूर्ति कला, संगीत, नृत्य, रंग मंच और डिजाइन जैसे विषय आते हैं।

**बैचलर ऑफ साइकोलॉजी:** इस बैचलर डिग्री प्रोग्राम में मानव व्यवहार, मानसिक क्रियाओं, मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का अध्ययन कराया जाता है जहां डेवलपमेंट साइकोलॉजी, असामान्य मनोविज्ञान, कॉग्निटिव साइकोलॉजी और सामाजिक मनोविज्ञान के क्षेत्र सम्मिलित है।

**बैचलर ऑफ पॉलिटिकल साइंस:** इस कोर्स में राजनीतिक व्यवस्था और राजनीतिक सिद्धांत, अंतरराष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और शासन का अध्ययन कराया जाता है।

**बैचलर ऑफ सोशियोलॉजी:** इस कोर्स में समाज, सोशल स्ट्रक्चर्स, सोशल बिहेवियर, सामाजिक परिवर्तन आदि का अध्ययन होता है जहां सोशियोलॉजिकल थ्योरीज़, सोशल रिसर्च मैथर्ड, सामाजिक असमानता और लिंग अध्ययन को शामिल किया गया है।